


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) में एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 05 मई 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 97 | मूल्य - 5 रुपये










# पश्चिम बंगाल, आसाम और पुडुचेरी में खिला कमल, केरलम में कांग्रेस और तमिलनाडु में एक्टर विजय की चली लहर..

डेस्क जगप्रेरणा।

***देश के 5 राज्यों में चुनावों की आज 04 मई को मतगणना संपन्न हुई। जिसमें पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 206 सीटों पर जीत दर्ज की, दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल किया। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने इतिहास रच दिया और तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत कर दिया। इसी प्रकार तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में एक्टर विजय***

की पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम ने 107 सीटें जीतीं। हालांकि पार्टी बहुमत के आकंड़े 118 सीट से पीछे है। राज्य में गठबंधन की सरकार बनना तय है। असम में भी हिमंता सरकार की वापसी हो गई है। हिमंता लगातार तीसरी बार सरकार बनाएंगे। भाजपा ने यहां 82 सीटें जीत ली हैं। जो बहुमत के आंकड़े से 13 ज्यादा है। केरलम में 10 साल बाद कांग्रेस की वापसी हुई। कांग्रेस ने 140 में से 63 सीटें जीतीं। 26 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर सीपीआईएम रही। एलडीएफ की हार पर सीएम पिनाराई विजयन ने पद से इस्तीफा दिया। पुडुचेरी में एनडीए की मौजूदा सरकार







की वापसी हुई। रंगास्वामी की पार्टी ने 12 सीटें जीतीं। डीएमके के हिस्से 5 और भाजपा के हिस्से 4 सीटें आई हैं।

## ममता बनर्जी और उनके कई मंत्री चुनाव हारे..

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के साथ ही तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी और उनके कई मंत्री चुनाव हार गए। ममता बनर्जी अपने गृह क्षेत्र भवानीपुर में भाजपा के शुभेंदु अधिकारी से 15,105 मतों से हार गईं। हालांकि, तृणमूल के वरिष्ठ मंत्री शोवनदेब चट्टोपाध्याय, फिरहाद हकीम और जावेद खान चुनाव जीत गए। खान ने दक्षिण कोलकाता के कस्बा निर्वाचन क्षेत्र से लगातार चौथी बार जीत हासिल की, उन्होंने भाजपा के संदीप मुखर्जी को 20,974 मतों से हराया। दक्षिण कोलकाता के प्रतिष्ठित बॉलीगंज निर्वाचन क्षेत्र में शोवनदेब चट्टोपाध्याय ने भाजपा के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सतरूप को 61,476 मतों से हराया। कोलकाता के महापौर और निवर्तमान ममता बनर्जी मंत्रिमंडल में शहरी विकास मंत्री रहे फिरहाद हकीम ने कोलकाता पोर्ट सीट पर भाजपा के राकेश सिंह को 56,000 से अधिक मतों से हराया।

बनर्जी के भरोसेमंद सहयोगी हकीम ने लगातार चौथी बार यह सीट जीती है। तृणमूल सांसद सुदीप बंदोपाध्याय की पत्नी नयना बंदोपाध्याय ने चौरंगी सीट पर भाजपा प्रत्याशी एवं अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी संतोष पाठक को 22,002 मतों से हराया। तृणमूल के मंत्री उदय गुहा दिन्हाटा सीट पर भाजपा के अजय राय से 17,000 से अधिक मतों से हार गए। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा को श्यामपुकुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की पूर्णिमा चक्रवर्ती ने 14,633 मतों से हरा दिया। तृणमूल के आसनसोल उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार और मंत्री मलय घटक भाजपा के कृष्णेंदु मुखर्जी से 11,615 मतों से हार गए। मलय ने तीन बार इस सीट पर जीत दर्ज की थी। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और हुमायूं कबीर की एजेयूपी को दो-दो सीटें मिली हैं। सीपीआईएम और एआईएसएफ को एक-एक सीटें मिली हैं।

## ममता ने लगाया मारपीट का आरोप..

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी ने 100 से ज्यादा सीटें लूट ली हैं। उन्होंने कहा, अंदर मुझे मारा है, धक्का दिया है। ममता ने कहा, दोपहर 3 बजे से वे हमें पीट रहे हैं। मुझे मारा गया। सीसीटीवी बंद कर दिया गया था। हमारे किसी भी एजेंट को अंदर (काउंटिंग सेंटर) जाने की इजाजत नहीं थी। डीओ ने मुझे भरोसा दिलाया कि हमारे एजेंट को जाने दिया जाएगा, लेकिन उसके बाद वह कहीं भी नहीं मिले। मैंने हर जगह शिकायत की।










# सावधान! गोंदिया का कैरियर जोन भ्रामक प्रचार कर विद्यार्थियों के भविष्य से कर रहा खिलवाड़..

## भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए आरोप..

## अन्य कोचिंग संस्थाओं के खिलाफ भी बोले एनएसयूआई छात्र नेता..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर में इन दिनों कोचिंग सेंटरों की बाढ़ सी आ गई है, तथा गोंदिया को कोटा बनाने के दावे किये जा रहे हैं, और ऊंचे ऊंचे बड़े बड़े सपने दिखाकर छात्र छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। तथा सबसे बड़ी बात भ्रामक प्रचार कर छात्र छात्राओं को गुमराह करके उनके साथ सीधे तौर पर धोखेबाजी की जा रही है, इसलिये हमारी मांग है कि गोंदिया के कैरियर जोन एवं अन्य कोचिंग***

संस्थाओं के कार्यकलापों की जांच की जाए, और छात्र छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ को रोका जाए। एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष अमन तिगाला एवं अन्य छात्र नेताओं ने आज गोंदिया के रेस्ट हाऊस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस ली, और अनेक गंभीर आरोप लगाए।



## सफलता का किया जा रहा भ्रामक प्रचार..

अमन तिगाला ने आरोप लगाया कि गोंदिया में कैरियर जोन के संचालक रोहित झा द्वारा शहर के हर गली चौक चौराहों पर अवैध होर्डिंग लगाकर अपने संस्थान का प्रचार किया जा रहा है, जिसमें होर्डिंग्स में दर्जनों छात्रों के चयन का दावा किया गया है, जबकि हमारी जांच में यह सामने आया है कि कई छात्रों का चयन हुआ ही नहीं है तथा कुछ छात्रों के नाम एवं फोटो का उपयोग बिना अनुमति के किया गया है। तिगाला ने कहा कि यहां सफलता को ढिंढोरा जिस ताकत से पीटा जा रहा है, उसमें शत प्रतिशत और नागपुर और कोटा से अच्छे परिणाम के दावे किये जा रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि कैरियर जोन कोचिंग सेंटर में 2 हजार बच्चों को कोचिंग दी जा रही है, और चयन 2 प्रतिशत का भी नहीं हो रहा है।

## मार्केटिंग और कमीशनखोरी का लिया जा रहा सहारा..

अमन तिगाला ने कैरियर जोन द्वारा प्रचार के अलावा मार्केटिंग टीम का सहारा लेकर अधिक से अधिक बच्चों को नीट और जेईई के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। बच्चों को इसी क्षेत्र में बड़े बड़े सब्जबाग दिखाये जा रहे हैं। 1.50 लाख रुपये तक कोचिंग की फीस वसूली जा रही है, अभिभावकों और विद्यार्थियों को स्कूल के शिक्षकों के माध्यम से भी प्रभावित करने का काम किया जा रहा है, तथा इसके लिये कमिशन का भी सहारा लिया जाता है। इस तरह से कोचिंग द्वारा बच्चों को सब्ज बाग दिखाने के चक्कर में विद्यार्थी एडमिशन ले लेते हैं, और फिर जब उनका चयन नीट या जेईई में नहीं हो पाता, तो बच्चे डिप्रेशन का भी शिकार हो जाते हैं।

## जीएसटी की कर रहे चोरी..

अमन तिगाला एवं अन्य छात्र नेताओं ने कहा कि कैरियर जोन के संदर्भ में सर्वाधिक शिकायते हैं, जबकि वहीं हमारी शासन से मांग है कि छात्र छात्राओं से जो कोचिंग के लिये फीस ली जा रही है, उसके जीएसटी टैक्स जमा कर उसकी रसीदें छात्र छात्राओं को नहीं दी जाती। कैरियर जोन द्वारा जिस शोर के साथ सफलता के दावे किये जा रहे हैं, उसका परिणाम है कि भारी भीड़ कैरियर जोन में बढ़ गई, अपने लाभ के लिये कैरियर जोन के संचालक रोहित झा बच्चों को विभिन्न तरह की मार्केटिंग का उपयोग करके नीट जेईई के लिये प्रेरित कर रहे हैं, वह किसी भी स्थिति में उचित नहीं कही जा सकती।

## अवैध होर्डिंग लगाई जा रही..

अमन तिगाला ने यह भी कहा कि गोंदिया शहर के हर चौक चौराहे पर लगातार और कई कई होर्डिंग लगाई गई है। बिजली के खंबों पर भी होर्डिंग लगाई गई है, जो कि पूरी तरह से अवैध है। इस तरह से अवैध होर्डिंग लगाये जाने पर नगर परिषद द्वारा कार्रवाई नहीं किया जाना भी कई सवालों को जन्म देता है, कि क्या नगर परिषद के राजस्व की चोरी करके कुछ अधिकारी कर्मचारियों की जेबें गर्म की जा रही है, यह सवाल भी उठता है, तथा कांग्रेस के नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे को इस ओर अवश्य ध्यान देना होगा। अमन तिगाला ने कहा कि बिजली विभाग के खंभों (इलेक्ट्रिक पोल) पर होर्डिंग लगाने से नियमों का उल्लंघन होने के साथ-साथ जनसुरक्षा के लिए भी यह खतरा है।

## लिटिल वुड्स के नियम विरुद्ध कोचिंग सेंटर को लेकर भी बोले एनएसयूआई नेता..

एनएसयूआई छात्र नेताओं ने आगे बताया कि लिटिल वुड्स स्कूल के एक छात्र एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कोचिंग संस्थान द्वारा उनके 10वीं में 95 प्रतिशत अंक दर्शाए गए हैं, जबकि वास्तविकता में उसके अंक 81.20 प्रतिशत है। यह स्पष्ट रूप से फर्जी रिजल्ट दिखाकर पालकों को गुमराह करने का मामला है। इसी प्रकार इस शिक्षा संस्थान द्वारा स्कूल परिसर में निजी कोचिंग संस्थान के संचालन का भी गंभीर मामला सामने आया है। पूर्व में एनएसयूआई द्वारा लिटिल फ्लावर स्कूल परिसर में अवैध रूप से संचालित कोचिंग के संबंध में शिकायत की गई थी, जो शिक्षा नियमों का उल्लंघन है।

## यह रहे उपस्थित..

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में एनएसयूआई गोंदिया जिला अध्यक्ष अमान मेमन, एनएसयूआई महाराष्ट्र मीडिया विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग पंधरे, मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष राहुल बावनथडे, सोशल मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष जीत गौतम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्र नेताओं ने की यह मांग..

छात्र नेताओं ने कहा कि हमारी मांग है कि सभी अवैध होर्डिंग तत्काल हटाई जाए। बिजली के खंभों के दुरुपयोग पर संबंधित संस्थान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। फर्जी चयन दिखाकर भ्रामक विज्ञापनों की उच्चस्तरीय जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए। छात्रों के नाम एवं फोटो के दुरुपयोग पर कानूनी कार्रवाई हो।स्कूल परिसर में संचालित अवैध कोचिंग संस्थानों पर प्रतिबंध लगाया जाए। संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच कर जिम्मेदारी तय की जाए। छात्र नेताओं ने कहा कि हमने गोंदिया जिला प्रशासन को 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया है, यदि निर्धारित अवधि में ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो 21 मई से एनएसयूआई गोंदिया द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया जायेगा, एवं छात्र छात्राओं के हित में आमरण अनशन किया जाएगा।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरूआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# छतरपुर में राज्य स्तरीय टेबल टेनिस में संदीप मिश्रा बने विजेता

## विभागीय प्रतियोगिता में संभाग से खेलते हुए बढ़ाया जिले का गौरव..

जगप्रेरणा सिवनी।

*छतरपुर में एक से तीन मई तक आयोजित विभागीय राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग से खेलते हुए बरघाट के धारनाकला हायर सेकंडरी स्कूल में*



पदस्थ खेल शिक्षक (पीटीआइ) संदीप मिश्रा ने तिहरी सफलता अर्जित कर सिवनी का गौरव बढ़ाया है। विदित हो कि पूर्व में भी टेबल टेनिस के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन से संदीप मिश्रा अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। मिश्रा बीते सात वर्षों से मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेज टेबल टेनिस टीम का हिस्सा हैं।

### अनुभवी खिलाड़ी को हराकर जीता फायनल मुकाबला..

छतरपुर जिले में खेली गई विभागीय प्रतियोगिता में अपना चमकदार प्रदर्शन उन्होंने बरकरार रखा। एकल स्पर्धा में जहां उन्होंने सेमीफाइनल में विक्रम ठाकुर भोपाल को रोमांचक मुकाबले में पराजित किया। वहीं फाइनल में शिक्षा विभाग के सबसे अनुभवी खिलाड़ी भोपाल के रविंद्र चौहान को वह पराजित कर जीत हासिल की। डबल्स मुकाबले में अपने साथी संदीप सूर्य के साथ उन्होंने फाइनल मुकाबले में भोपाल टीम के समक्ष कड़ा संघर्ष किया। लेकिन डबल्स में टीम को दूसरे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा। टीम चैंपियनशिप में संदीप सूर्य व प्रेम श्रीवास्तव के प्रदर्शन के बल पर वह टीम को तृतीय स्थान दिलाने में सफल रहे। पूरी प्रतियोगिता में वह एकल मुकाबले में अपराजेय रहे।

### अनेक खेल प्रतिभाओं को निखारा..

ज्ञात हो कि संदीप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धारनाकला में पीटीआई के पद पर पदस्थ हैं और वह अनेक खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने में प्रशिक्षक के तौर पर अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। प्रतियोगिता में दल प्रबंधक देवेंद्र ठाकुर, कोच कैलाश चाकोले, मैनेजर अनिल परमार शामिल हुए।

उनकी सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारियों एसएस कुमरे, जिला क्रीड़ा अधिकारी जस्सी थामस, खेल अधिकारी मनु धुर्वे, धारनाकला स्कूल प्राचार्य ज्योति श्रीवास्तव, सुनील मर्सकोले, आशीष दीक्षित, अनुराग तिवारी, शैलेंद्र साहू, प्रदीप वर्मा, मनीष मिश्रा, राजेंद्र ठाकुर, नारायण बिसेन, योगेश पाठक, एजाज खान, सुनील अवधिया व अन्य खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त कर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# बरघाट, गंगेरूआ एवं कुरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित..

जगप्रेरणा सिवनी।

*अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशारूप, संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला प्रभारी*

सोहन वाल्मीकि की अनुशंसा से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा बरघाट विधानसभा के बरघाट, गंगेरूआ एवं कुरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज राहंगडाले, नीलकंठ बाहेश्वर एवं शिवनारायण उइके द्वारा प्रस्तावित ब्लॉक कार्यकारिणी के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकरियों की नियुक्ति की गई है। बरघाट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष संदेश लखेरा, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष शाहिद खान बरघाट, राजेन्द्र मराठे खुर्सीपार, अविनाश तिवारी वार्ड क्रं. 14 बरघाट, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव दिलीप राहंगडाले केकड़ई, आरिफ खान बोरी, अशोक आचरे नगझिर, श्रीमती उपासना बोपचे खामी, राधेश्याम टांडेकर धारनाकलॉ, खीरराम चौधरी गोरखपुर। ब्लॉक कांग्रेस सचिव धनकुमार मडावी बेहरई, साकिर खान वार्ड क्रं. 3 बरघाट, पवन सूर्यवंशी वार्ड क्रं. 13 बरघाट, जितेन्द्र शर्मा धारनाकलॉ, अंकित सोनवाने गोंडेगांव, श्रीमती बिन्द्रा परते ताखलाखुर्द, अशोक वरकड़े मानेगांव, श्रीमती राजेश्वरी कोडोपे खूंट ब्लॉक मीडिया (प्रवक्ता) शमीम खान बोरी, ब्लॉक सोशल मीडिया में कुंदन राहंगडाले का समावेश किया गया। गंगेरूआ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष रूपेन्द्र बिसेन पिपरिया, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष दिलीप यादव अरी, रमेश देशमुख नंदौरा, नकीब खान आष्टा, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव अतीक मौलाना अरी, कैलाश नागेश्वर डुंगरिया, कैलाश उइके चिरचिरा, राधेश्याम जामरे धपारा, गुरूदयाल राहंगडाले इंदौरी, कैलाश गोनकर निवारी, ब्लॉक कांग्रेस सचिव मथुरा पंचेश्वर सुकला, तामसिंह खण्डाते मोहगांव, जयप्रकाश पंचेश्वर गोकलपुर, विजय बिसेन दौंदीवाड़ा, श्रीमती कल्पना मेसराम जाम, श्रीमती शकुनतला बाहेश्वर काठी, श्रीमती अनिता श्रीवेल टिकारी, ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) टूपसिंह पटले अरी, ब्लॉक सोशल मीडिया राजेन्द्र राहंगडाले की नियुक्ति की गई।

कुरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष रामदास ताले बबई, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष त्रिलोक सोनेश्वर कुडवा, तिलकचंद मोरे खैरघाट, देवेन्द्र दीक्षित कुरई ब्लॉक कांग्रेस महासचिव नरेश गोनगे बिछुआ, दादुसिंह उइके करजमारा, अनिता सिंग खवासा, बेनीप्रसाद धुर्वे मेटेवानी, कासिम खान खवासा, धमेन्द्र परते कुरई, ब्लॉक कांग्रेस सचिव मोतीराम धुर्वे टुरिया, भागवती आहके बिछुआ, अखलेश डहरवाल कुरई, अखलेश तेकाम बीसापुर, राजेश बरकड़े पिण्डरई, जितेन्द्र बोमचेर बिछुआ, कमल डहरवाल हरदुली, कुशकुमार बरमैया कोंदाझिरी, दुर्गा गोनगे बिछुआ, निर्मिला भलावी रिड्डी, ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) सानू खान खवासा, ब्लॉक सोशल मीडिया फाजिल फारूख कुरई की नियुक्ति की गई।

# योजनाओं और परियोजनाओं को समय-सीमा में मूर्त रूप देकर आमजन को त्वरित लाभ पहुंचाये: कलेक्टर श्रीमती मीना

### समय-सीमा बैठक सम्पन्न..

### प्रत्येक माह उत्कृष्ट कार्य करने वाले 02 अधिकारी-कर्मचारियों को 'एम्प्लॉयी ऑफ द मंथ' के रूप में किया सम्मानित..



जगप्रेरणा सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कहा कि शासकीय योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी रूप से मूर्त रूप देकर उनका लाभ शीघ्रता से आम नागरिकों तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का प्रत्येक कार्य आमजन की सुविधा, राहत एवं संतुष्टि से सीधे जुड़ा है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय, सतत मॉनिटरिंग एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण परिणाम सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।

बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकतम शिकायतों का निराकरण संतुष्टि के साथ किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार शिकायत करने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि 100 दिनों से अधिक लंबित शिकायतें किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं और ऐसी शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक माह बेहतर कार्य करने वाले 02 अधिकारी/कर्मचारियों का चयन कर उन्हें ÷एम्प्लॉयी ऑफद मंथ÷ के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य संस्कृति में प्रतिस्पर्धा, जवाबदेही और गुणवत्ता को बढ़ावा मिल सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप सहित सभी एसडीएम, सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

समय-सीमा में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि हर आवेदन नागरिक की अपेक्षा और विश्वास से जुड़ा होता है, इसलिए सभी प्रकरणों का निर्धारित समय में निराकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने उच्च न्यायालय एवं विभिन्न आयोगों में लंबित मामलों के समयबद्ध निराकरण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को न्याय प्राप्त करने में अनावश्यक विलंब न हो।

जल गंगा अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े कार्य सीधे तौर पर ग्रामीण नागरिकों के जीवन और आजीविका से जुड़े हैं। खेत तालाब, अमृत सरोवर, डगवेल रिचार्ज जैसे कार्यों को तेजी से पूर्ण किये जाए। लखनादौन क्षेत्र में प्रगति धीमी पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एई के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती मीना ने फार्मर रजिस्ट्री से छूटे किसानों के लिए ग्राम स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र किसान तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए और खाद-बीज वितरण में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। ई-विकास प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी और सुगम वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के हर बच्चे का स्कूल में नामांकन सुनिश्चित किया जाए और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें पुनः स्कूल से जोड़ने पर बल दिया। साथ ही स्कूल खुलने से पूर्व छात्रावासों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं, मरम्मत कार्य एवं मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके। बालिका शौचालय निर्माण को भी प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को मिलने वाली सेवाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि अधिसूचित सेवाओं का लाभ समय-सीमा में प्रदान किया जाए और किसी भी आवेदन को समय-सीमा से बाहर लंबित न रखा जाए। स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग को निर्देशित करते हुए कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को योजनाओं का पूरा लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए माइक्रो लेवल पर सर्वे कर पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें सेवाओं से जोड़ा जाए। विकासखंड स्तर पर दोनों विभागों के समन्वय से संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए, ताकि सेवाएं अधिक प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंच सकें। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में मैदानी कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज न करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर और व्यवस्थित रूप से नागरिकों को मिलती रहें।

आगामी मानसून को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती मीना ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर नालों-नालियों की सफाई, झुकी हुई विद्युत लाइनों की मरम्मत, ट्यूबवेलों का क्लोरीनेशन एवं पेयजल के नमूने लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से नागरिकों को जलजनित बीमारियों और अन्य समस्याओं से बचाया जा सकेगा। साथ ही खुले ट्यूबवेल बंद कराने के निर्देश भी दिए गए।

खाद्य सुरक्षा को लेकर कलेक्टर श्रीमती मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाजार में बिक रहे खाद्य पदार्थों की नियमित जांच की जाए और अमानक सामग्री बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

# बस स्टैंड यात्री प्रतिक्षालय से शातिर चोर को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार..

### चोरी के 12 माबाईल किया जप्त..

जगप्रेरणा सिवनी।

*पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी एवं नकबजनी के अपराधों के रोकथाम के लिए प्रयासरत हैं जिनके नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय*

अधिकारी पुलिस महोदय सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं जो इसी क्रम में चोरी की 01 घटना का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया हैं।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 03/05/2026 को प्रार्थीयों शुभम उमरकाम पिता सुखदेव उमरकार उम्र 32 निवासी धारना कला बरघाट सिवनी एंव प्रार्थी रज्जू चंद्रवंशी पिता हरिराम चंद्रवंसी उम्र 23 साल निवासी ग्राम तिनसा थाना छपारा के द्वारा रिपोर्ट लेख कराई गई कि दिनांक 02/05/2026 को नागपुर से वापस सिवनी आया था एंव गाव धारना एंव ग्राम तिनसा जाने के लिये रात्री मे बस ना होने से बस स्टैंड सिवनी के यात्री प्रतिक्षालय सिवनी में आराम कर रहे थे जो रात्री लगभग 1.00 बजे प्रार्थीयों की पेंट जेब मे रखा मोबाईल रियलमी कम्पनी का एन्ड्राइड मोबाईल 10 **Pro 5 G** जिसमे जीओ की सिम लगी थी एंव एक अन्य एन्ड्राईड मोबाईल **RMX 2170** कम्पनी का मोबाईल जेब मे नही था। जेब मे एंव आसपास तलास करने पर नही मिला जो मोबाईल किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरुध्द धारा 305 (क) बी.एन.एस. का अपराध का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान उक्त प्रार्थीयों कि रिपोर्ट पर चोर की पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित कर संभावित स्थानों पर चोर की तलाश पतासाजी शुरु की गई। एंव संदेही अंकित जैन को अभिरक्षा मे लेकर कडाई से पूछताछ करने पर आरोपी अंकित जैन पिता स्व. अनिल कुमार जैन उम्र 23 साल निवासी तिलक वार्ड जैन लॉज के पीछे सिवनी चोरी करना स्वीकार किया। जिसेस दोनो प्रार्थीयो के मोबाईल आरोपी के व्दारा चोरी किए गए थे जो दोनो एन्ड्राईड मोबाईल रियलमी कम्पनी कीमती 15000/- रुपये के आरोपी से पृथक पृथक जप्त की जाकर आरोपी अंकित जैन को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सिवनी भेजा गया है।

पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड पूर्व में भी आरोपी अंकित जैन पिता स्व. अनिल कुमार जैन उम्र 23 साल निवासी तिलक वार्ड जैन लॉज के पीछे सिवनी के विरूध्द थाना कोतवाली सिवनी जुआ का अपराध पंजीबध्द है।

**जप्ती-** 02 एन्ड्राईड मोबाईल कुल कीमती 15000/-। **गिरफ्तार आरोपी-**अंकित जैन पिता स्व. अनिल कुमार जैन उम्र 23 साल निवासी तिलक वार्ड जैन लॉज के पीछे सिवनी।

### सराहनीय कार्य..

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, प्र. आर. मुकेश गोडाने, चन्द्रप्रकाश अडमें आर. सिध्दार्थ दुबे, सतीश इनवाती प्रतीक बघेल, विश्राम धुर्वे, अंकित देशमुख की विशेष भूमिका रहीं हैं।

### आमजन से रक्तदान की अपील..

जगप्रेरणा सिवनी।

*सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय सिवनी द्वारा जानकारी देकर बतया गया कि जिला अस्पताल के ब्लड सेंटर में रक्त की कमी होने के कारण*

गर्भवती महिलाओं, दुर्घटना में घायल मरीजों, सिकल सेल एवं थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही है।

उन्होंने सभी स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर रक्तदान करें। रक्तदान एक महादान है, जिससे कई जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है।

# आज लखनादौन में विशेष जनसुनवाई, आमजन की समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण..

जगप्रेरणा सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 5 मई 2026 (मंगलवार) को जनपद पंचायत लखनादौन में विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करेंगे। जनसुनवाई में राजस्व, पंचायत, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, कृषि सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। आम नागरिक अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याएं, शासकीय योजनाओं से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। कलेक्टर श्रीमती मीना द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

जिला प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें और जनसुनवाई कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

# राष्ट्रीय गीत-राष्ट्रगान गायन से हुई प्रथम कार्य दिवस की शुरूआत..



जगप्रेरणा सिवनी।

जिले में माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरूआत राष्ट्रगीत वंदे- मातरम् एवं राष्ट्रगान 'जन गण मन' का सामूहिक गायन से की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे.. हसीब मोहम्मद 7898530101

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

# कोटपा अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न..

जगप्रेरणा सिवनी।

सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 **(COTPA-2003)** के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुपालन को लेकर कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।

बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है, जिसे गंभीरता से लेना आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में **(COTPA-2003)** के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अपने-अपने विभागीय क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण, चालानी कार्यवाही, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान एवं तंबाकू मुक्त गांव बनाने की दिशा में कार्य करते हुए जनजागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए, ताकि तंबाकू सेवन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

राज्य स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समिति की सदस्य संस्था, म.प्र. वॉलंट्री हेल्थ एसोसिएशन इंदौर के प्रतिनिधि श्री नयन पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू भले ही प्रतिबंधित पदार्थ नहीं है, लेकिन इसके सेवन से देश में प्रतिवर्ष लगभग 13 से 14 लाख लोगों की मृत्यु होती है। उन्होंने **(COTPA-2003)** की विभिन्न धाराओं एवं उल्लंघन की स्थिति में की जाने वाली कार्यवाही पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही बताया कि ई-सिगरेट एवं हुक्का बार प्रतिबंधित हैं, जिनकी समय-समय पर संबंधित विभागों द्वारा जांच की जानी चाहिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने अपील करते हुए कहा कि तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान एवं तंबाकू मुक्त गांव बनाने हेतु भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन की गाइडलाइन जारी हो चुकी हैं। इनका पालन सुनिश्चित करते हुए शिक्षा विभाग एवं पंचायती राज विभाग विशेष ध्यान दें तथा सभी संबंधित विभाग तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।जिला नोडल अधिकारी तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. प्रदीप गेडाम ने बताया कि **(COTPA-2003)** का मुख्य उद्देश्य आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाना एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा करना है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी विभागों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में तंबाकू निषेध नियमों का सख्ती से पालन कराएं तथा जिले को तंबाकू मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर बालाघाट में भाजपा ने बांटी झालमुर्री, लहराया भाजपा का झंडा..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***देश के 5 राज्यों में हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने आखिरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को करारी शिकस्त देते हुए पूर्ण बहुमत के साथ पश्चिम बंगाल में भी अपनी सरकार बनाने लायक जीत दर्ज कर ली। इस खुशी में***

बालाघाट भाजपा कार्यालय से लगे हुए अटल उद्यान में एकजुट होकर भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी संहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जमकर खुशी मनाई। इस अवसर पर मोदी है तो मुमकिन है, अब पश्चिम बंगाल भी हमारा है। भारत मां की आरती, भारतीय जनता पार्टी जैसे नारे लगाकर खुशी मनाई।

इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने बंगाल चुनाव में सर्वाधिक चर्चा में रही झालमुर्री के रुप में भेल बनाकर लोगों को खिलाई। इसी के साथ पटाखे भी फोड़े गए, तो वहीं वरिष्ठ नेताओं ने एक दूसरे को मीठाई खिलाकर उनका मूंह मीठा किया।

### बोले रामकिशोर कावरे..

पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कहा कि आखिरकार पश्चिम बंगाल के विकास का अवरुद्ध मार्ग अब खुल ही गया। श्री कावरे ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तानाशाही की सरकार चल रही थी। वहां पर केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदेश की जनता को नहीं दिया जा रहा था।

श्री कावरे ने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा महिला अत्याचार हो रहे थे। जिस तरह की परिस्थितियां थी, उसके कारण हिन्दु विचारधारा के लोग दहशत में जी रहे थे, लेकिन आखिरकार निरंतर भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और संघर्ष के बाद पश्चिम बंगाल को तृणमूल के आतंक से मुक्ति मिल गई है, अब पश्चिम बंगाल विकास की नई राह पर अग्रसित होगा। यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के एक एक नागरिक और निष्ठावान भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से किरणभाई त्रिवेदी, गणेश अग्रवाल, राजकुमार रायजादा, विशाल मंगलानी, प्रसन्न कांकरियां, गजेन्द्र भारद्वाज, हेमेन्द्र क्षीरसागर, वकील वाधवा, संजय गौतम, जैनेन्द्र कटरे, यशवंत लिल्हारे, नरेन्द्र भैरम, सुरेन्द्र पाल सिंह आदि अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल की सराहनीय पहल..

## बालाघाट शहर के 5 प्रमुख स्थानों पर भीषण गर्मी में शुरु की शीतल प्याऊ सेवा..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बढ़ती गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए आम नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा शहर में व्यापक स्तर पर शीतल पेयजल (प्याऊ) सेवा प्रारंभ***

की गई है। क्लब की इस सेवा भावना से प्रेरित पहल के अंतर्गत शहर के 5 प्रमुख एवं अत्यधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों–अंबेडकर चौक, कालीपुतली चौक, जिला सत्र न्यायालय परिसर, इतवारी गंज एवं श्याम मॉल के सामने–प्याऊ स्थापित किए गए हैं। इन स्थानों का चयन विशेष रूप से इस आधार पर किया गया है कि यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में राहगीर, श्रमिक, व्यापारी, विद्यार्थी एवं ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोग आते-जाते हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में शीतल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर क्लब ने एक अत्यंत उपयोगी एवं जनहितकारी पहल की है। विशेष बात यह है कि इन सभी प्याऊ केंद्रों पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आरओ पानी के केन रखे जा रहे हैं, जिससे लोगों को स्वच्छ, फिल्टर्ड एवं स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित पानी मिल सके। साथ ही पानी को ठंडा बनाए रखने की भी उचित व्यवस्था की गई है, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को अधिकतम राहत मिल सके। प्याऊ केंद्रों पर स्वच्छता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

क्लब के अध्यक्ष संदीप असाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी क्लब सदैव से मानव सेवा को सर्वोपरि मानता आया है। उन्होंने कहा कि जल सेवा ही जीवन सेवा है और इसी भावना के साथ क्लब द्वारा हर वर्ष गर्मी के मौसम में प्याऊ स्थापना की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्य केवल सेवा नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष संदीप असाटी, सचिव आशीष साहू, कोषाध्यक्ष राजेश गांधी, एवं डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम से क्लब मेंटर कमलजीत सिंह छाबड़ा, प्रेसिडेंट-इलेक्ट अंकित अग्रवाल, क्लब ट्रेनर सीए बलजीत छाबड़ा सहित विक्रम भूते, गौरव कोचर, मुकुल राठौर, हरजीत पाल सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंघ छाबड़ा, नरेन्दर सिंघ छाबड़ा, सौरभ हरिनखेरे, डॉ. प्रदीप मेश्राम, असीम पाठक, लखविंदर सिंघ भंगल, धनेंद्र रहांगडाले, केशव परिहार, संजय बेदी, रवि सचदेव, संतोष नाहर, जयेश भाई परमार, बलविंदर पाल सिंह राजपूत, राहुल तुरकर, अशोक जैन, राजा सोनी, अरविंद अग्निहोत्री एवं राहुल जैन उपस्थित रहे। क्लब सचिव आशीष साहू ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस सुविधा का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें, पानी की अनावश्यक बर्बादी से बचें एवं प्याऊ केंद्रों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें, ताकि यह सेवा लंबे समय तक निरंतर चलती रहे और अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

## टीएल बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना ने की विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा, दिये आवश्यक दिशा निर्देश..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***04 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक***

में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

### गेहूँ एवं चना खरीदी केंद्रो पर..

बैठक में सर्वप्रथम समर्थन मूल्य पर गेहूँ एवं चना खरीदी की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि 652 किसानों से 24 हजार 851 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 01 करोड 72 लाख 500 रुपए का भुगतान किया जा चुका है। अब तक 2860 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है।

इसी प्रकार 168 किसानों से 3500 क्विंटल चना की खरीदी की जा चुकी है। कलेक्टर श्री मीना ने गेहूँ एवं चना के खरीदी केंद्रो पर किसानों के लिए छाया, पानी एवं अन्य व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने किसानों से खरीदे गए गेहूँ और चना का तेजी से भुगतान करने के निर्देश दिये और कहा कि किसानों को भुगतान के लिए परेशान न होना पडे ऐसी व्यवस्था बनायी जाए।

### शालाओं में बच्चों का शत प्रतिशत पंजीयन अनिवार्य

बैठक में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत जिन 06 हितग्राहियों के आवास का कार्य अब तक रूका है उसे शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये गए। शालाओं में बच्चों के पंजीयन की समीक्षा के दौरान पाया गया कि लांजी के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं बैहर के बीआरसी बैठक में उपस्थित नही है जिस पर इन दोनो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया कि अगले 02 दिनों के भीतर शालाओं में बच्चों का शत प्रतिशत पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये। 100 प्रतिशत बच्चों का पंजीयन नही होने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। कलेक्टर श्री मीना ने छात्र छात्राओं को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति के फॉर्म शीघ्रता से भरवाने के निर्देश दिये और कहा कि छात्रवृत्ति का समय पर भुगतान हो जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही पाये जाने पर जिम्मेदार व्यक्ति के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी।

### स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की सार्थक एप्प में उपस्थिति फिल्ड में रहकर देखी जाए

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे फिल्ड में अधिक से अधिक भ्रमण करें और स्वास्थ्य संस्थाओं में सीएचओ, एएनएम एवं अन्य कर्मचारियों की सार्थक एप्प के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित करें। सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कर्मचारी अपने निर्धारित कार्य स्थल से ही सार्थक एप्प पर हाजरी लगाए। यदि किसी कर्मचारी द्वारा कार्य स्थल के अलावा अन्य स्थान से सार्थक एप्प में हाजरी लगायी जाती है तो उसके खिलाफ वेतन रोकने के साथ ही अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों का शाला पूर्व शिक्षा के लिए शीघ्रता से शत प्रतिशत पंजीयन कराये। इसके साथ ही कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उनका उपचार कराने के निर्देश दिये गए।

### अनुदान एवं ऋण वितरण की जाने वाली योजनाओं के प्रकरण शीघ्र बैंको को भेजे जाए..

कलेक्टर श्री मीना ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित हितग्राहियों को बैंक से ऋण दिलाकर स्वरोजगार से जोडने के निर्देश दिये। इसके लिए ऋण प्रकरण तैयार कर शीघ्रता से बैंको को भेजने कहा गया। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में अनुदान एवं ऋण वितरण किया जाता है उसके प्रकरण शीघ्रता से तैयार कर बैंको को भेजे।

अधिकारी शासन स्तर से लक्ष्य मिलने का इंतजार न करें बल्कि गत वर्ष मिले लक्ष्य के अनुरूप ही प्रकरण तैयार कर बैंको को भेजे। बैठक में श्रम पदाधिकारी, जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संबल योजना के अंतर्गत अनग्रह एवं अंत्येष्टि सहायता के प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करें।


### प्रधानमंत्री सूर्य घर एवं कुसुम-बी योजना में प्रगति लाने के निर्देश..

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत घरों में बिजली के लिए सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गए और इसके लिए अधिक से अधिक लोगो से आवेदन कराने कहा गया। इसी प्रकार कुसुम-बी योजना के अंतर्गत सोलर सिंचाई पंप लगाने के लिए अधिक से अधिक किसानों के प्रकरण तैयार करने और उन्हें बैंक से ऋण दिलाने के निर्देश दिये गए। इस दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत 1071 घरों में सोलर पैनल लगाये जा चुके है एवं कुसुम-बी योजना के अंतर्गत सिंचाई पंप के लिए 954 प्रकरण तैयार किये जा चुके है।

### सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही

बैठक में भटेरा रोड पर बन रहे रेल ओव्हरब्रिज के कार्य में गति लाने के निर्देश दिये गए और कहा गया कि ठेकेदार द्वारा काम में गति नही लाने पर उसके विरूद्ध कार्यवाही करें। इसी प्रकार जागपुर घाट पर बन रहे पुल के कार्य में विलंब करने के लिए ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही करने कहा गया। गर्रा रोड पर रेल ओव्हरब्रिज का शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर मई माह में ओव्हरब्रिज से यातायात अनिवार्य रूप से प्रारंभ करने के निर्देश दिये गए। बैठक में सीएम हेल्पलाईन एवं लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि किरनापुर के तहसीलदार द्वारा सीमांकन के 05 प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण नही किया गया है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने किरनापुर तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार लोक सेवा गारण्टी के प्रकरणो का समय सीमा में निराकरण नही करने वाले अधिकारियों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिये गए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा की गई और अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उनके द्वारा किये गए कार्यों की पोर्टल पर एंट्री की जाए। नगर पालिका बालाघाट के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को देवी तालाब की सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य करने के निर्देश दिये गए। जनगणना-2027 के अंतर्गत सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को 30 मई तक निर्धारित लक्ष्य के अनुसार जनगणना का कार्य करने के निर्देश दिये गए।

## बंगाल, असम, पांडिचेरी में भाजपा की जीत ने फिर एक बार साबित कर दिया मोदी है मुमकिन है –राजेश पाठक



जगप्रेरणा बालाघाट।

***4 मई को पांच राज्यों में संपन्न विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भाजपा जीत की खुशी पर जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश पाठक ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक जीत करार दिया, तथा कहा***

कि मोदी है तो मुमकिन है, एक बार फिर यह साबित हो गया है। श्री पाठक ने कहा कि इन राज्यों में मिली जीत प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री की कुशल राजनीतिक रणनीति, मजबूत नेतृत्व और दूरदर्शी नीतियों का प्रतिफल है। राजेश पाठक ने कहा कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में पहली बार भाजपा का पूर्ण बहुमत की ओर बढ़ना या मजबूत स्थिति बनाना पार्टी के निरंतर परिश्रम और जनसमर्थन का स्पष्ट संकेत हैं। वहीं असम और पांडिचेरी में भाजपा की सत्ता में वापसी यह दर्शाती है कि जनता ने विकास, स्थिरता और सुशासन को प्राथमिकता दी है।

उन्होंने कहा कि इन परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही नीतियों और कार्यक्रमों पर भरोसा कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास÷ का मंत्र केवल एक नारा नहीं, बल्कि सरकार की कार्यशैली का आधार बन चुका है। इसी नीति के कारण देश के विभिन्न वर्गों, क्षेत्रों और समुदायों में विश्वास का वातावरण बना है, जिसका परिणाम चुनावी सफलता के रूप में सामने आया है। पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं–जैसे गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और आत्मनिर्भर भारत अभियान–का व्यापक प्रभाव जनता के जीवन पर पड़ा है। राजेश पाठक ने भाजपा संगठन की भी सराहना करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर तक जाकर मेहनत की, जनता से संवाद स्थापित किया और सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि भाजपा का मजबूत संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है, जो हर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाता है। कार्यकर्ताओं की समर्पण भावना और नेतृत्व के प्रति विश्वास ने पार्टी को इन राज्यों में सफलता दिलाई है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी दलों द्वारा फैलाए गए भ्रम और नकारात्मक राजनीति को जनता ने नकार दिया है। जनता अब भावनात्मक मुद्दों से आगे बढ़कर विकास, रोजगार और पारदर्शी शासन को महत्व दे रही है। यही कारण है कि भाजपा को लगातार समर्थन मिल रहा है और वह नए-नए क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। अंत में राजेश पाठक ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी भाजपा इसी तरह जनसेवा और विकास के एजेंडे पर आगे बढ़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि देश को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत जनता की जीत है और यह देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।




## अंडर-14 बास्केटबॉल में लगातार तीसरी बार केवि ने जीता गोल्ड

**जगप्रेरणा बालाघाट।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट ने क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 बालक बास्केटबॉल वर्ग में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह प्रतियोगिता 28 से 30 अप्रैल 2026 तक केवी जीसीएफनं. 1 जबलपुर में आयोजित हुई। विद्यालय की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासित और प्रभावशाली खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ अंडर-14 वर्ग के 10 खिलाडियों का चयन केवीएस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता (हस्रू) के लिए हुआ है। इसके अलावा अंडर-17 बालक बास्केटबॉल वर्ग से भी 1 खिलाड़ी का चयन हुआ है। इस प्रकार कुल 11 छात्र अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे के मार्गदर्शन, शारीरिक शिक्षा शिक्षक अर्जुन कुमार के कुशल प्रशिक्षण और खिलाडियों की कड़ी मेहनत व समर्पण को दिया जा रहा है। विद्यालय की इस सफलता से न केवल स्कूल बल्कि पूरे जिले में खुशी का माहौल है और विद्यार्थियों में खेलों के प्रति उत्साह भी बढ़ा है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

जग प्रेरणा

लालबर्रा / बैहर / परसवाडा

● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

# भगत सिंह नेताम जी अ. ज. जा. आयोग सदस्य (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) का मंडल गढ़ी में प्रथम आगमन पर किया गया भव्य स्वागत..







अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र बैहर के और पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम जी मध्यप्रदेश प्रदेश शासन में अनुसूचित जनजाति आयोग का सदस्य (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) का पदभार ग्रहण करने के पश्चात गढ़ी प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।***

भाजपा कार्यकर्ता एवं गढ़ी वाशियो ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी इस उपस्थिति से पूरे गढ़ी क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल बन गया। इस अवसर पर भव्य रैली का आयोजन किया गया। और रैली पुलिस थाना से प्रारंभ किया गया और रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली का समापन किया गया। और उसके तत्पश्चात भगत सिंह नेताम जी को फलों से तोला गया। उसके तत्पश्चात उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य की जिम्मेदारी होती है:अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों और हितों की रक्षा करना: आयोग अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए काम करता है।

अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए नीतियों और कार्यक्रमों की समीक्षा करना: आयोग अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए नीतियों और कार्यक्रमों की समीक्षा करता है और सरकार को सिफारिशें करता है।

अनुसूचित जनजातियों के खिलाफ होने वाले अत्याचारों की जांच करना: आयोग अनुसूचित जनजातियों के खिलाफहोने वाले अत्याचारों की जांच करता है और उनके समाधान के लिए कार्रवाई करता है। अनुसूचित जनजातियों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक विकास के अवसरों को बढ़ावा देना: आयोग अनुसूचित जनजातियों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक विकास के अवसरों को बढ़ावा देता है। सरकार को अनुसूचित जनजातियों के संबंध में सलाह देना और सिफारिशें करना: आयोग सरकार को अनुसूचित जनजातियों के संबंध में सलाह देता है और सिफारिशें करता है।

इस पूरे कार्यकम में पुलिस थाना गढ़ी के उप निरीक्षक योगेश कुम्हेर और उनकी टीम का विशेष सहयोग है।

### इस कार्यक्रम मे उपस्थित गणमान्य नागरिक और ग्रामवासी

भारतीय जनता पार्टी मंडल गढ़ी में इस कार्यक्रम मे उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनुपमा नेताम ,मंडल अध्यक्ष सुश्री सोनाली कुशराम, टेकलाल धानेश्वर, शगुन लाल भुनेश्वर (महामंत्री मंडल गढ़ी) दीपक पांडे, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, खेमराज भारद्वाज (उपाध्यक्ष मंडल गढ़ी) राजेश कुंडावरिया (युवा मोर्चा अध्यक्ष) राजेंद्र धारवैया, सरवन अलवरे, राजेश शुक्ला, प्रकाश बधाईयां हेमंत सिंगला, मनोज ठाकुर, जितेंद्र गुप्ता, अजय रजक, प्रेम सिंह धुर्वे,पप्पू भारद्वाज, सालिकराम पंद्रे, युवराज कलिहारे, प्रदीप बैंस, गौरव जायसवाल, सोनू सिंगला, संतोष टाडे, ओमप्रकाश मेरावी, मंगल यादव, अशोक अग्निहोत्री, शीतल यादव, राम यादव, आदित्य मिश्रा, चतुरकांत, दीपक यादव, श्रीमती कविता धुर्वे, श्रीमती इंद्राणी मरावी, सुश्री ललिता धुर्वे, सूरज सिंगला, रितेश यादव, और अन्य गणमान्य नागरिक और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# साधु सन्त किसी राजनीतिक पार्टी के गुलाम नही - स्वामी स्वदेशानंद

### परिक्रमा के दौरान धरना दे रहे गौ भक्तों को स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि ने समर्थन दिया





जगप्रेरणा बैहर।

***अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज के संघर्ष से साधना तक के सफर को सभी जानते हैं। 1 मई 2026 अमरकंटक***

से अपने साथियों संहित मां नर्मदा मैया की परिक्रमा में निकले स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज जब अपने साथियों के साथ तीसरे दिन परिक्रमा कर रहे थे। तो हरदा जिले तिमरिया पुलिस थाने के अंतर्गत गंजेश्वर गौ शाला के महंत और उस गांव के सरपंच तथा कुछ ग्रामीण धरने पर बैठे हुए हैं। तब स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज एवं परिक्रमा कर रहे उनके साथी एवं वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पण्डित निरंजन शर्मा, संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा एवं संगठन के पदाधिकारीगण धरना स्थल पर पहुंच कर धरने के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा किया।

तो पता चला कि कुछ जिहादियों के द्वारा गौ शाला में बंधे पांच गायों को छोड़कर उन्हें रेल्वे लाइन में बांध दिया गया था। जिससे वे पांचों गौ माता ट्रेन की चपेट में आकर कट गई। जिसकी रिपोर्ट गौ शाला के महंत के द्वारा स्थानीय पुलिस थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराया गया है किन्तु आज दिनांक तक दोषियों पर कोई कार्यवाही नही की गई है। अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच की ओर से अपना समर्थन देते हुए मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री से मांग की है कि शीघ्र कार्यवाही के आदेश जारी कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने कहा कि साधु सन्त किसी राजनीतिक पार्टी के गुलाम नही हैं। जो गौ माता के सम्मान, राष्ट्र हित और सनातनियों के हित में बात करेगा साधु सन्त उनके लिए तो अपनी जान हथेली में लेकर त्रिशूल को हथियार बनाकर युद्ध के मैदान में कूद पड़ेगें। स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने कहा कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्यवाही नही की जाती है तो सारे साधु सन्त गौ माता के सम्मान में सड़क में आने को मजबूर हो जायेगें।

# 880 ग्राम के नवजात को 60 दिनों की जंग के बाद मिली जीत..

### माता पिता खुशी से हुए भावुक स्टॉफका किया आभार व्यक्त



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कहते हैं, जब हौसला और सही इलाज साथ हों तो सबसे कठिन लड़ाई भी जीती जा सकती है। ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू (विशेष नवजात देखभाल इकाई) में देखने को मिला,***



जहां महज 880 ग्राम वजन के एक नवजात शिशु ने 60 दिनों की कठिन जंग लड़कर जिंदगी की नई शुरुआत की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि वार्ड नंबर 11, मोहगांव (पोस्ट चांगोटोला, तहसील लामता) निवासी सुमन्द्री उइके ने 24 फरवरी 2026 को दोपहर 3:39 बजे पीएचसी मोहगांव में एक बालक को जन्म दिया। शिशु का जन्म समय से पहले (28 सप्ताह) और बेहद कम वजन (लगभग 800 ग्राम) के साथ हुआ, जिससे उसकी हालत बेहद नाजुक थी। स्थिति गंभीर होने पर नवजात को तुरंत जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। सांस लेने में अत्यधिक तकलीफके चलते शिशु को प्रोटोकॉल के तहत 11 दिनों तक वेंटिलेशन सपोर्ट (मशीन) पर रखा गया। साथ ही 5 दिनों तक एंटीबायोटिक दवाओं का उपचार भी दिया गया।

डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की सतत निगरानी में शिशु को शुरुआत से ही मां का दूध नली के माध्यम से दिया गया। धीरे-धीरे हालत में सुधार आने पर उसे कटोरी-चम्मच से दूध पिलाना शुरू किया गया। नियमित जांच, देखभाल और विशेष उपचार के चलते शिशु की स्थिति में लगातार सुधार होता गया। करीब 60 दिनों की कड़ी निगरानी और उपचार के बाद, 23 अप्रैल 2026 को जब शिशु का वजन बढ़कर 1500 ग्राम हो गया और वह पूरी तरह स्वस्थ हो गया, तब उसे सफलतापूर्वक डिस्चार्ज कर दिया गया। इस सफलता के पीछे एसएनसीयू के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की अथक मेहनत और समर्पण रहा। बच्चे के स्वस्थ होकर घर लौटने पर माता-पिता की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने भावुक होकर पूरे मेडिकल स्टाफका आभार व्यक्त किया।

# किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुरू हुई 'सीएम किसान हेल्पलाइन'

जगप्रेरणा बालाघाट।

***म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं मार्गदर्शन के लिए 'सीएम किसान हेल्पलाइन' प्रारंभ की गई है।***

हेल्पलाइन नंबर 155253 पर जिले के किसान, कॉल कर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा तथा कृषि विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं परामर्श भी उपलब्ध कराया जाएगा।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि खेती-बाड़ी, फसल, कृषि तकनीक, योजनाओं अथवा अन्य कृषि संबंधी किसी भी समस्या के समाधान हेतु किसान हेल्पलाइन का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने बताया कि हेल्पलाइन के माध्यम से किसानों को केंद्र एवं राज्य शासन की कृषि हितैषी योजनाओं की जानकारी, लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा आधुनिक कृषि तकनीकों संबंधी सलाह भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल प्रबंधन, उन्नत कृषि पद्धतियों एवं कृषि वैज्ञानिकों से विशेषज्ञ सलाह प्राप्त करने के लिए यह सुविधा अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। जिले के सभी किसानों से इस सुविधा का अधिकतम लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान : बिरसा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया एफटीके प्रशिक्षण..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***जल संरक्षण और सुरक्षित पेयजल की दिशा में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत बिरसा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए फील्ड टेस्टिंग किट (स्न्र्ञ्य) प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण लोक स्वास्थ्य***

यांत्रिकी विभाग (क्क॥श्व) बालाघाट द्वारा मंडई, मानेगांव, जानपुर एवं मोहगांव सेक्टर की कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया। प्रशिक्षण ब्लॉक समन्वयक फनीश रंगारे एवं रानी सिंह राजपूत द्वारा दिया गया, जिसमें कुल 92 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इनमें से 85 कार्यकर्ताओं की स्न्र्ञ्य यूजर आईडी भी बनाई गई। प्रशिक्षण के दौरान जल गुणवत्ता जांच के व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लाइव डेमो के जरिए आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों से लाए गए पानी के नमूनों की मौके पर ही जांच की गई। कार्यकर्ताओं को सिखाया गया कि वे फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से पानी में मौजूद विभिन्न तत्वों की पहचान कैसे करें।

प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से श्व॥ मान (अम्लीयता/क्षारीयता), फ्लोराइड, आयरन (लोहा) और पानी की कठोरता जैसे महत्वपूर्ण मानकों की जांच करना सिखाया गया। ब्लॉक समन्वयक फनीश रंगारे ने निर्देश दिए कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों की वर्ष में कम से कम दो बार मानसून से पहले और बाद में जांच सुनिश्चित करें, ताकि जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी बनी रहे। प्रशिक्षण के बाद कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ अपने क्षेत्रों में जल स्त्रोतों की जांच भी की। इस पहल से ग्राम स्तर पर जल गुणवत्ता निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी और आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से शीतल मिश्रा एवं हरीश झा (क्करू), महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक श्रीमती पुस्तकला मेश्राम एवं प्रेमबती धुर्वे उपस्थित रहे। वहीं महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी बिरसा छिप्रा सिंह का विशेष सहयोग रहा। यह प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्रों में जल सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निःशुल्क प्रवेश का द्वितीय चरण प्रारंभ..

जगप्रेरणा बालाघाट।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षा का अधिकार (ऋञ्जश्व) अधिनियम के तहत निजी (गैर-अनुदान) मान्यता प्राप्त स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश की द्वितीय चरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले चरण की प्रक्रिया 25 अप्रैल 2026 को पूरी होने के बाद अब खाली बची सीटों पर प्रवेश के लिए पोर्टल पर स्कूलों की सूची जारी कर दी गई है।

सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक श्री जीपी बर्मन ने बताया कि इस बार नए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे, बल्कि पहले से आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को ही मौका मिलेगा। खास बात यह है कि जिन अभिभावकों के बच्चे आवेदन करने के बावजूद सत्यापन नहीं करा पाए थे, उन्हें अब राहत दी गई है। मार्च के अंत में अवकाश के चलते छूटे ऐसे सभी आवेदक अपने चयनित जनशिक्षा केंद्र पर जाकर दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं। पात्र पाए जाने पर वे स्कूलों की नई चॉइस भर सकेंगे। वहीं, जिन अभ्यर्थियों को पहले चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ था या आवंटन मिलने के बाद भी उन्होंने प्रवेश नहीं लिया, वे भी इस चरण में अपनी पसंद के स्कूल चुन सकते हैं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि पहले चयनित स्कूलों में सीटें भर चुकी हैं, तो अभिभावकों को नए रिक्त सीट वाले स्कूलों का चयन करना होगा। श्री बर्मन ने बताया कि सत्यापन में परेशानी होने पर अभिभावक संबंधित विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसीसी) कार्यालय में भी अपनी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। शिक्षा विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे समय पर चॉइस अपडेट करें, ताकि बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का लाभ मिल सके और उन्हें बेहतर स्कूल में प्रवेश पाने का अवसर न चूके।

# जिले में 08 मई को लगेगा हृदय रोगी बच्चों के लिए विशेष शिविर..

जगप्रेरणा बालाघाट।

जिला स्वास्थ्य समिति बालाघाट द्वारा जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए 8 मई 2026 को विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिला चिकित्सालय स्थित डीईआईसी (ष्ठश्वढ्ढष्ट) में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों की जांच की जाएगी। यह शिविर भारत सरकार की योजना राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (ऋक्चस्य) के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि जिले के 10 विकासखंडों से करीब 160 बच्चों को चिन्हित कर शिविर में बुलाया गया है। साथ ही ऐसे बच्चे भी शिविर में शामिल हो सकते हैं, जिन्हें हृदय संबंधी समस्या है या जिनकी पूर्व में सर्जरी हो चुकी है। सभी बच्चों की निःशुल्क इको जांच की जाएगी। शिविर में मेट्रो हॉस्पिटल जबलपुर के डॉ. के.एल. उमा माहेश्वर एवं नारायणा हृदयालय मुंबई की डॉ. प्रिया प्रधान, शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। शिविर में आने वाले बच्चों को अपने साथ पुरानी इको रिपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र, फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी या अन्य पहचान दस्तावेज लाना आवश्यक होगा। सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि बच्चों में हृदय रोग के लक्षण जैसे होंठों का नीला पड़ना, जल्दी थक जाना, सांस फूलना, बार-बार सर्दी-खांसी, वजन न बढ़ना, कमजोरी आदि दिखाई देने पर तुरंत जांच कराना चाहिए।

शिविर के सफल आयोजन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग का सहयोग लिया जा रहा है। इसकी तैयारियों की जिम्मेदारी जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक राजाराम चक्रवर्ती को सौंपी गई है। शिविर की अधिक जानकारी के लिए 07999772423, 09340320828 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433





SONO VIEW

DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist

DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ

FACILITIES AVAILABLE

SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.

DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.

राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक

तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182-231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


## कटंगी में करोड़ों के विकास कार्यों को मिली रफ्तार, विधायक गौरव सिंह पारधी ने किया भूमिपूजन..

जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर विधायक श्री गौरव सिंह पारधी लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने ग्राम पंचायत हथौड़ा एवं समतपुरी में विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।***

कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी शामिल हुए।








### हथौड़ा में 4.15 करोड़ की सड़क का भूमिपूजन

कटंगी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हथौड़ा में विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया, जहां लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत परसवाड़ाङ्क सांवरगांवङ्कहथौड़ा मार्ग निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन विधायक श्री गौरव सिंह पारधी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना की लंबाई 5.30 किलोमीटर है, जिस पर लगभग 4.15 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

### समतपुरी में सीसी रोड निर्माण की शुरुआत

इसी क्रम में ग्राम पंचायत समतपुरी में 11 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भी भूमिपूजन किया गया। इस निर्माण कार्य से गांव में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और ग्रामीणों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, जिला पंचायत सदस्य केशर बिसेन, नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर, मंडल अध्यक्ष भाजपा मुकेश चौकसे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### क्षेत्रीय विकास को मिलेगी प्राथमिकताः विधायक पारधी

इस अवसर पर विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सड़क, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में भी विकास कार्यों की गति इसी तरह जारी रहेगी और क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

## सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की विजयः कटंगी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पश्चिम बंगाल और असम की जीत का जश्न..

जगप्रेरणा कटंगी।

***पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों के हालिया नतीजों में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन से देश भर के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है।***





इसी क्रम में बालाघाट जिले के कटंगी मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व जीत का जश्न बड़े ही धूमधाम से मनाया। नगर के प्रमुख सिनेमा चौक पर आयोजित इस विजय उत्सव में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी सहित पार्टी के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और झालमुरी के साथ मना उत्सवजीत की खुशी में पूरा सिनेमा चौक भगवामय हो गया।

कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान पार्टी की गौरवशाली परंपरा और बंगाल की संस्कृति का सम्मान करते हुए कार्यकर्ताओं ने न केवल मिठाइयां बांटी, बल्कि विशेष रूप से 'झालमुरी' का वितरण कर जीत का स्वाद साझा किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यह जीत केवल एक चुनाव की जीत नहीं है, बल्कि उस विचारधारा की जीत है जो अंत्योदय और राष्ट्रवाद की बात करती है। वामपंथ और ममता के दमन का अंतः विधायक गौरव सिंह पारधी इस अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने प्रेस को संबोधित करते हुए इसे 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की जीत बताया।

उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि पिछले कई दशकों से वामपंथ और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने बंगाल की पावन धरती पर राष्ट्रवाद को कमजोर करने का प्रयास किया था।विधायक पारधी ने कहा, ÷यह जीत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संकल्पों को समर्पित है, जिनका जन्म स्थान बंगाल ही था।

बंगाल वह भूमि है जिसने बंकिम चंद्र चटर्जी, बिपिन चंद्र पाल, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद और गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जैसे महापुरुष दिए, जिन्होंने पूरे देश में राष्ट्रवाद की अलख जगाई थी। दुर्भाग्यवश, वामपंथियों और ममता शासन के दमनकारी चक्र ने इस गौरवशाली राष्ट्रवाद को दबाने की कोशिश की, लेकिन अब वह समय खत्म हो चुका है। बंगाल की जनता ने अपनी संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए जनादेश दिया है।÷

इस अवसर में वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के नेता व कार्यकर्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष भोजराज देशमुख, पूर्व नपा अध्यक्ष मेष देशमुख ,मुरारी अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे वरुण देशमुख, पीतम खटवानी, भाजपा महामंत्री प्रियांश रावत देवी प्रसाद तिवारी, पवन राना, संतोष तुरकर, वैभव गुप्ता, आलोक खंडेलवाल,श्याम बघेल, सुरेंद्र राहंगडाले, वरुण देशमुख, भाजपा महामंत्री प्रियांश रावत, पार्षद ट्विंकल बाघमारे, सतीश सिंह, शशिकांत अग्रवाल, मुन्नू त्रिवेदी, लखन आनंद, भजनलाल ठाकरे, गगन गौतम, सुरजीत सिंह ठाकुर, राखी पटले और भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यो मे भाजपा की जीत विकास, सुशासन और जनकल्याण के कार्यो को प्रदान करेगी नयी गति.. प्रदीप जायसवाल

### भाजपा कार्यालय मे कार्यकर्ताओ ने जीत के जश्न के बीच झालमुडी का वितरण कर मनायी खुशिया..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***पांच राज्यो के विधानसभा चुनाव के परिणामो मे तीन राज्यो मे पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार के बनने के रूझान के साथ ही आज पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के नेत्रत्व मे कार्यकर्ताओ ने जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया।***










भाजपा कार्यालय मे जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले सहित अनेको मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने आतिशबाजी के नजारे के बीच मिठाईयो व झालमुडी के वितरण के साथ अपनी खुशियो का इजहार किया।

### कार्यालय मे प्रदीप जायसवाल के आते ही दिखा जमकर उत्साह..

विधानसभा चुनाव के परिणामो मे पश्चिम बंगाल मे लगभग 206 असम मे 102 और पुडेचरी मे 18 सीट पर आगे रहने के रूझान के साथ ही भाजपा कार्यालय मे कार्यकर्ताओ के आने का सिलसिला तेज गति से शुरू हो गया। और जैसे ही पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल का आगमन हुआ। वैसे की कार्यकर्ताओ ने बधाई देकर जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया।

### पश्चिम बंगाल के एक नये अध्याय की हुयी है शुरूवात..

जीत के जश्न के बीच मिडिया के सवालो पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की पांच मे से तीन राज्यो की जनता ने पूर्ण रूपेण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेत्रत्व पर अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। यह जनादेश पश्चिम बंगाल, असम और पुडेचरी मे विकास, सुशासन और जनकल्याण के कार्यो को नयी गति प्रदान करेगा। विशेषकर पश्चिम बंगाल अब भयमुक्त होकर एक नये अध्याय की दिशा मे तेज कदम बढा चुका है।

### कलकत्ता से ज्यादा साफसुथरा है वारासिवनी..

एक सवाल पर प्रदीप जायसवाल ने कहा की जनता अब क्षेत्रीय दलो की मनमानी से परेशान होकर भाजपा पर पुरे देश मे विश्वास कर रही है। गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक सभी राज्यो मे भाजपा की सरकार दिख रही है। आज भाजपा की सरकारे जनता को व्यक्तिगत लाभ पहुचा रही है। मै स्वंय पश्चिम बंगाल गया हूं। वहा गंदगी, भ्रष्टाचार देखकर प्रतित हो गया कि हमारा वारासिवनी नगर उससे लाख गुना हर मामले मे अच्छा है।

### गधे और घोडे मे फर्क नही करने के कारण कांग्रेस का हो रहा सुपडा साफ..

एक सवाल पर पूर्व मंत्री ने कहा की पश्चिम बंगाल मे भाजपा पिछले दस साल से मेहनत कर रही है। उसका परिणाम आज प्रचंड बहुमत के रूप मे मिला है। वहा की जनता भी अब भाजपा के नेत्रत्व मे नयी नयी योजनाये और नयी चमक देखना चाहती है। कांग्रेस के बेहद लचर परिणाम पर उन्होने कहा की वे स्वंय कांग्रेस मे रहे है। किंतू कांग्रेस समय के साथ नही चल पायी है। गधे और घोडे मे फर्क नही समझ पाने और राहुल गांधी की एक ही सोच को आगे बढाने के कारण आज कांग्रेस संगठन के अभाव मे पूरे देश मे समाप्त सी होते नजर आ रही है। आज पुरे देश मे कांग्रेस के बडे नेता हार रहे है। दुसरी लाईन है ही नही तो कांग्रेस का सुपडा साफहोना वाजिब ही है।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने भी प्रेषित की बधाई..

भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले ने सभी कार्यकर्ताओ को जीत की बधाई प्रेषित करते हुये कहा की यह जीत पं दिनदयाल उपाध्याय और श्यामाप्रसाद मुखर्जी के सिद्वांतो की जीत है। पिछ्ले दस साल मे कार्य करते हुये हजारो भाजपा कार्यकर्ताओ ने अपनी जिंदगी गंवाई है। यह जीत उनके बलिदान के स्वरूप ही मिली है। आज पुरे देश मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार के जनकल्याणकारी कार्यो की जीत होते देखी जा रही है।

### जश्न मे यह रहे शामिल..

आज जीत का जश्न मनाने वालो मे सर्वश्री संदीप मिश्रा नगर मंडल अध्यक्ष, मिलिंद नगपुरे मंडल अध्यक्ष, वेदप्रकाश पटेल मंडल अध्यक्ष, प्रबल जायसवाल,मनोज दांदरे, धर्मू जोशी, पंकज जैन, जसंवत पटले, मोनू लिमजे, पंकज जैन, अनिश मिश्रा,मिथलेश बुरडे, जगदीश नेमा, राजू गुप्ता,लोकेश ठाकरे, गिरधारी चिमनानी, राजा चैरसिया, जीतू नगरगडे कायदी सरपंच आदि के साथ प्रमुख कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### जीत के जश्न मे विशेषकर झालमुडी का हुआ वितरण..

आज वारासिवनी मे जीत के जश्न मे कार्यकर्ताओ ने विशेष रूप से बंगाल की प्रसिद्व झालमुडी का वितरण कर खुशीया मनायी। गौरतलब है की पश्चिम बंगाल के चुनाव मे प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री ने झाडग्राम मे एक छोटी सी दुकान से बंगाली नाश्ता झालमुडी खाया था। यह वाक्या बेहद चर्चाओ मे वारासिवनी मे भी रहा था। और यह घटना चुनाव मे एक भावनात्मक और राजनितीक मुद्वा बन गया था। आज जीत के बाद इस वाक्ये को याद कर कार्यकर्ताओ ने झालमुडी का वितरण कर इस वाक्ये को भी जीत के योगदान का श्रेय दिया।

## 22 साल बाद देश की सेवा कर घर लौटे फौजी बाबा पटेल





### कटंगी नगर सहित गाँव सीताखोह में हुआ जोरदार स्वागत

### भारत माता की जय के साथ गुंजा नगर और गांव

**जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।**

बालाघाट जिले के कटंगी नगर एवं क्षेत्र की अगर बात की जाए नगर एवं क्षेत्र के वर्तमान में बहुत से युवा देश की सेवा में फौज में लगे हुए हैं और बहुत से युवा रिटायरमेंट हो चुके हैं वर्तमान समय की बात की जाए तो कटंगी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सीताखोह निवासी दिलेद्र राहगडाले जीने पूरा गांव बाबा पटेल के नाम से जानता है 22 साल देश की सेवा करने के बाद रिटायरमेंट हुए और पिछले 1 मेंई को कटंगी नगर बस स्टैंड पहुंचे जहां पर भारत माता की जय के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया उसके बाद उनका काफिला उनकी जन्मभूमि ग्राम पंचायत सीताखोह पहुंचा अपने गांव पहुंचते ही सबसे पहले फौजी बाबा पटेल ने अपने गांव की मातृभूमि को प्रणाम किया उसके बाद गांव में भी उनका जोरदार स्वागत किया गया रिटायर्ड फौजी बाबा पटेल नई जानकारी देती हुई बताया कि 2004 से 2026 तक मैं देश की सेवा की अपना जीवन निछावर किया फौजी की नौकरी में रायपुर से मैं रिटायर हो कर अपने वतन पहुंचा वहीं उन्होंने बताया कि 22 साल की उम्र में फौज में भर्ती हो गया था 22 साल मैंने सेवा दी अपने सेवा काल में मैंने पुलवामा जम्मू बिहार असम बीजापुर रायपुर


के अलावा अन्य जगह सेवा दी आज मुझे लंबी सेवा देने के बाद अपने वतन अपने गांव पहुंचकर बहुत आनंद महसूस हो रहा है मेरे परिवार के अलावा पूरे गांव ने मेरा जोरदार स्वागत किया है उन्होंने कटंगी नगर सहित बालाघाट जिले और देश के युवाओं से कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती तैयारी करें मेहनत करें अगर लगन से मेहनत करोगे तो आपका भी फौज में सिलेक्शन होगा फौजी की नौकरी देश के भारत माता के बेटे की नौकरी होती है भारत देश की शान और भारत माता का तिरंगा ऊंचा रखना रात दिन हमने मेहनत की नौकरी की कई बार तो ऐसे मौके आएगी हमें बहुत परेशानी झेलनी पड़ी परंतु हम अपने कर्तव्य में आगे बढ़ते रहें हमारे बहुत से साथी नौकरी के चलते वतन के लिए फिदा भी हो गया परंतु वहां नौजवान शहीद हुए हैं हम उनको भी नमन करते हैं वही मैं अपने गांव और कटंगी नगर के सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं कि आप लोगों ने मेरा अभिनंदन किया है रिटायर होने के बाद भी मेरा देश प्रेम बना हुआ है और बना रहेगा

## असलम खान का इंतकाल, नम आंखों से दी गई सुपुर्द-ए-खाक

**जगप्रेरणा कटंगी।**



जामा मस्जिद कटंगी के सदर जनाब नवाब खान साहब के बड़े पुत्र एवं वरिष्ठ पत्रकार अमजद खान, अकरम खान व आदिल खान के बड़े भाई एवं परवेश खान कैफ खान के अब्बा असलम खान साहब का इंतकाल हो गया है। उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। मरहूम असलम खान अपने पीछे भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए हैं।रविवार दोपहर 3:00 बजे उनके निवास स्थान सिवनी रोड से जनाजा निकाला गया, जो कटंगी कब्रिस्तान पहुँचा। यहाँ गमगीन माहौल में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और पत्रकार साथी शामिल हुए।जनाजे के बाद आयोजित शोक सभा में उपस्थित नागरिकों ने मरहूम को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सभी ने दुआ की कि अल्लाह ताला मरहूम को जन्नत-उल-फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए और परिजनों को यह असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। आमीन।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रवि अजीत किरनापुर

मो. 6261142145



विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - 9329033433

# महाविद्यालय में ‘कॉलेज चलो अभियान’ एवं ‘प्रवेश मेला’ संपन्न..

**मेधावी छात्र हुए सम्मानित..**





जगप्रेरणा किरनापुर।

***उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में 02/05/2026 को कॉलेज चलो अभियान एवं प्रवेश मेला का भव्य आयोजन किया गया।***

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को कॉलेज की गतिविधियों से अवगत कराना और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना रहा। उल्लेखनीय है कि कॉलेज चलो अभियान फेज-2 के अंतर्गत मुख्य आयोजन से पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना **(NSS)** के स्वयंसेवकों द्वारा एक विशेष घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ह्स्स के छात्र-छात्राओं ने किरनापुर क्षेत्र के विभिन्न गाँवों और मोहल्लों में जाकर कक्षा 12वीं के उत्तीर्ण विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से सीधा संवाद स्थापित किया।

स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें ऑनलाइन आवेदन आवश्यक दस्तावेज़ों और छात्रवृत्ति सहित संपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया की सहज एवं सरल जानकारी प्रदान की।

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें किरनापुर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए कक्षा 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, प्राचार्य डॉ सुनीता जैन द्वारा कक्षा 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को भी विशेष सम्मान प्रदान किया जिनमें माधवी बिसेन, आश्विनी निकुरसे, भाव्या निन्हावे, प्रीति रहांगडाले एवं हर्ष मेश्राम शामिल रहे। सभी सम्मानित विद्यार्थियों की अकादमिक उत्कृष्टता की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

इसी क्रम में **ISRO** के प्रतिष्ठित युविका 2026 (युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम) के लिए चयनित अवनी नगपुरे को बालाघाट जिले का गौरव बढ़ाने के लिए महाविद्यालय परिवार द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने अवनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षा के प्रति समर्पण के इसी क्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य खुपेंद्र सिंह चौहान के पुत्र को भी कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने पर सम्मानित किया गया।

## प्रवेश प्रक्रिया एवं करियर मार्गदर्शन..

सम्मान समारोह के पश्चात डॉ तीरथ सिन्हा द्वारा सभी उपस्थित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों को ऑनलाइन आवेदन दस्तावेज़ सत्यापन और छात्रवृत्ति की प्रक्रिया के बारे में चरणबद्ध तरीके से समझाया गया।

तत्पश्चात एक विशेष करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया जिसमें वरेण्य सिरसाटे (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र) द्वारा विद्यार्थियों को **B.Sc. B.Com.**और **B.A.** स्नातक पाठ्यक्रमों के माध्यम से उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में विस्तार से बताया गया। सत्र के दौरान पारंपरिक करियर विकल्पों के साथ-साथ भविष्य के उभरते क्षेत्रों पर भी विशेष चर्चा की गई। प्राध्यापकों ने छात्रों को ग्रीन एनर्जी (हरित ऊर्जा) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस **(AI)** डेटा साइंस बायोटेक्नोलॉजी डिजिटल मार्केटिंग और पर्यावरण विज्ञान जैसे नवीनतम और रोजगारपरक क्षेत्रों में करियर की अपार संभावनाओं से भी अवगत कराया। छात्रों को बताया गया कि ये सभी क्षेत्र उनके संबंधित स्ट्रीम के स्नातक कार्यक्रमों के साथ कैसे जुड़े हुए हैं और किस प्रकार वे इन क्षेत्रों में प्रवेश कर सकते हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदया ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। और उन्हें शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में प्रवेश लेकर अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने **(NSS)** स्वयंसेवकों के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि घर-घर संपर्क अभियान ने जमीनी स्तर पर शिक्षा का संदेश पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड विजयः भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर मनाया जश्न..





जगप्रेरणा लांजी।

***पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तीन राज्यों में दर्ज प्रचंड जीत ने देशभर में सियासी माहौल को उत्साह और जोश से भर दिया है।***

इसी कड़ी में लांजी नगर मुख्यालय के सुभाष चौक में सोमवार शाम 6 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक राजकुमार कर्राहे के नेतृत्व में भव्य विजय उत्सव मनाया। इस ऐतिहासिक जीत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि भाजपा की जमीनी पकड़ मजबूत होने के साथ-साथ केंद्र सरकार की नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। चुनाव परिणाम घोषित होते ही विधायक राजकुमार कर्राहे के साथ कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए और नगर के सुभाष चौक पर विजयी नारे लगाते हुए एक दूसरे को जीत की बधाई दी। इसके साथ ही राहगीरों और आमजनों को भी मिठाई बांटकर भाजपा की जीत के जश्न में शामिल किया और जमकर आतिशबाजी की गई।

‘भारत माता की जय’ और भाजपा समर्थक नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। जश्न के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक कर्राहे ने इस जीत को संगठन की ताकत और जनता के आशीर्वाद का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया, जिसका परिणाम आज पूरे देश के सामने है। उन्होंने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा पार्टी नेतृत्व की दूरदर्शी नीतियों और मजबूत संगठनात्मक संरचना को दिया। विधायक ने आगे कहा कि इन चुनाव परिणामों ने देश की राजनीति को नई दिशा देने का काम किया है। उन्होंने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां भाजपा ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है, जो आने वाले समय में बड़े राजनीतिक बदलाव का संकेत है। उनके अनुसार, इन परिणामों के बाद पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचेगा। इस दौरान विधायक राजकुमार कर्राहे, योगेश रामटेक्कर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, बारेलाल बड़घैया, अविनाश रैंच, किशोर रामटेक्कर, गौरव बैस, संदीप रामटेक्कर, सचिन अग्रवाल, बिसोनी अध्यक्ष देवेश ऐडे, उज्जवल श्रीवास्तव, दिनेश कचवाहे, ताराचंद कुचलाहे, कैलाशपुरी गोस्वामी, आदित्य रामटेककर, लक्ष्मण रामटेक्कर, बबलू शिवालिया, रूपचंद रामटेक्कर, विजय गोस्वामी, शलभ किरनापुरे, महेंद्र रणदिवे, जीवन किरनापुरे, लेखक सुखराम आसटकर, झनकार बड़घैया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मधुमक्खी के हमले से दर्जन भर श्रद्धालु भक्त घायल, मामला रात्रि में कोटेश्वर मंदिर से मधुमक्खी उड़ाने का



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी नगर में प्रशासनिक लापरवाही, आपसी टालमटोल और कथित तौर पर बिना अनुमति किए गए खतरनाक कृत्य का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र के लोगों को सोचने पर विवश कर दिया है।***

कोटेश्वर मंदिर के सामने स्थित बरगद के पेड़ पर वर्षों से लगे मधुमक्खियों के छत्तों को रात के अंधेरे में हटाने की कार्रवाई के बाद सुबह हालात बेकाबू हो गए। नतीजा-निर्दोष श्रद्धालु मधुमक्खियों के हमले का शिकार बन गए। सबसे चिंताजनक बात यह है कि घटना के बाद जिम्मेदारी तय करने के बजाय संबंधित विभाग एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ते नजर आए, जिससे पूरे मामले में लापरवाही और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कोटेश्वर मंदिर के सामने स्थित वर्षों पुराने बरगद के पेड़ से मधुमक्खियों के छत्तों के साथ की गई कथित छेड़छाड़ का खामियाजा सोमवार सुबह श्रद्धालुओं को भुगतना पड़ा। सुबह करीब 9 बजे अचानक भड़की मधुमक्खियों ने वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घायलों में विजय रामचंद 25 वर्ष निवासी भिमोड़ी, सुशांत दिनेश 22 निवासी नीमटोला, किशोर अनीराम 34 निवासी सुनार ककोड़ी, यश श्यामबाबू वामनकर 26 व श्यामबाबू मोतीराम वामनकर 71 निवासी लांजी तथा आकाश किशनकुमार 20 निवासी भिमोड़ी शामिल हैं।

## रात में अंधेरे का खेलः हाईमास्ट बंद कर छत्तों पर ‘धावा’..

सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना से एक रात पहले 3 मई को मंदिर परिसर के पास हाईमास्ट लाइट बंद कर अंधेरे में बाहरी लोगों से छत्ते उतरवाए गए। बताया जा रहा है कि गोंदिया से बुलाए गए लोगों ने पेड़ पर चढ़कर एक-एक कर छत्ते उतारे। इस दौरान धुआं और आग का उपयोग किया गया, जिससे हजारों मधुमक्खियां नष्ट हो गईं। छत्तों को उतारे जाने के महज 12 घंटे के भीतर मधुमक्खियों का हमला होना सीधे तौर पर लापरवाही की ओर इशारा करता है। जानकारों के अनुसारए छत्तों से छेड़छाड़ के बाद मधुमक्खियां आक्रामक हो जाती हैं, ऐसे में बिना सुरक्षा उपायों के यह कार्रवाई गंभीर जोखिम को न्योता देने जैसा है। संबंधित पक्ष ने नगर परिषद से अनुमति लेने की बात कही। लेकिन नगर परिषद के सीएमओ मयूर वाहने ने स्पष्ट रूप से किसी भी अनुमति से इनकार किया। इससे पूरे मामले में विरोधाभास की स्थिति बन गई है।

## सवालों के घेरे में दोनों विभाग..

घटना के बाद सबसे गंभीर पहलू यह रहा कि आमजन की सुरक्षा से जुड़े इस मामले में जिम्मेदारी तय करने के बजाय विभागीय स्तर पर खुली टालमटोल सामने आई। नगर परिषद ने बिना देर किए मामले को वन विभाग के पाले में डाल दिया, यह कहते हुए कि मधुमक्खियों और पेड़ों से जुड़े मामलों में वही सक्षम प्राधिकरण है। दूसरी ओर, वन विभाग ने इसे नगरीय क्षेत्र का मामला बताकर अपनी जिम्मेदारी से किनारा कर लिया। इस खींचतान में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कार्रवाई हो रही थी, तब निगरानी किसकी थी? और जब हादसा हो गया, तो जवाबदेही से आखिर कौन भाग रहा है? विशेषज्ञों का मानना है कि चाहे क्षेत्र नगरीय हो या वन क्षेत्र, जनसुरक्षा सर्वोपरि होती है, और ऐसे संवेदनशील मामलों में विभागों के बीच समन्वय की कमी सीधे आम नागरिकों पर भारी पड़ती है।

## बोले सीएमओ, मयूर वाहने..

कोटेश्वर मंदिर परिसर के सामने स्थित बरगद के पेड़ से मधुमक्खी के छत्ते उतारने की मेरे द्वारा कोई अनुमति प्रदान नहीं की गई है। जो भी यह बात कह रहा है वह गलत है। वन विभाग का क्षेत्राधिकार होने के कारण हमारे द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती।

# आत्मरक्षा व व्यक्तित्व निर्माण के लिये गोंगलई में 10 दिवसीय एन सी सी शिविर प्रारंभ..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***एनसीसी ग्रुप मुख्यालय जबलपुर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर रितेश बहल के मार्गदर्शन में 6 म.प्र. बटालियन एनसीसी बालाघाट के तत्वाधान में 95 वां संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सोमवार 4 मई 2026 को शासकीय कन्या***

शिक्षा परिसर बालाघाट (गोंगलई) में धूमधाम से प्रारंभ हो गया। कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस 10 दिवसीय शिविर में बालाघाट जिले के विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं।

शिविर का उद्घाटन असिस्टेंट कमिश्नर श्रीमती शकुंतला डामोर (ट्राइबल) एवं प्राचार्य पीके अंगुरे की उपस्थिति में हुआ।

## सैन्य प्रशिक्षण के साथ व्यक्तित्व का विकास..

शिविर में 4 मई से 13 मई तक कैडेट्स को योगा, पीटी, ड्रिल, शस्त्र विद्या, मैपरिडिंग, लीडरशिप, यातायात सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। आर्मी भर्ती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी कैडेट्स को दी जाएगी। शिविर का सबसे आकर्षक हिस्सा फायरिंग रहेगा, जिसमें हर कैडेट को फायरिंग का अवसर मिलेगा। इसके अलावा वालीवाल, खो-खो, रस्साकस्सी जैसी खेल गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी, जो शारीरिक दक्षता बढ़ाने में मदद करेंगी।

## राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विशेष व्याख्यान..

प्रशिक्षण शिविर के दौरान व्यक्तित्व विकास, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।

मेजर हेमंत कुमार मंडाले (कैम्प एडजुटेंट), कैप्टन राजेंद्र सिंह कुशराम, लेफ्टिनेंट गजानन कटरे, सूबेदार तरसेम सिंह (प्रशिक्षण एवं सुरक्षा प्रभारी) सहित अन्य एनसीसी अधिकारी और पीआई स्टाफ पूरे शिविर में कैडेट्स के मार्गदर्शन के लिए मौजूद रहेंगे।

## इन क्षेत्रों के कैडेट्स शामिल..

वारासिवनी, बैहर, बिरसा, मलाजखंड, कटंगी और बालाघाट क्षेत्र के उत्साही एनसीसी कैडेट्स इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। एनसीसी अधिकारियों का कहना है कि यह शिविर न केवल कैडेट्स को सैन्य अनुशासन सिखाएगा बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, अनुशासित और देशभक्त नागरिक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिविर 13 मई 2026 को समापन समारोह के साथ संपन्न होगा।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे. मो. 9329033433



जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## पांच राज्यों के विधानसभा चुनावी रिजल्ट 2026 -4 मई दीदी गई... बंगाल में खिला कमल, असम में बीजेपी की हैट्रिक, टीएन में विजय बम-बम?-भारतीय लोकतंत्र का निर्णायक मोड़

वैश्विक स्तरपर 4 मई 2026 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक ऐसे दिन के रूप में दर्ज हो गया,जब पांच राज्यों के चुनावी नतीजों ने न केवल घरेलू राजनीति की दिशा बदली, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की राजनीतिक स्थिरता,आर्थिक संभावनाओं और नीतिगत निरंतरता के संकेत भी दिए।बता दें 4 मई 2026 को पाँच राज्यों पश्चिम बंगाल,तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में मतगणना के रुझानों से केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन का संकेत भर नहीं मिला,बल्कि वे भारत की आर्थिक दिशा,निवेश माहौल, और वैश्विक छवि पर गहरा प्रभाव डालने वाले मल्टी-लेयर सिग्नल के रूप में उभरे। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव परिणाम निवेशकों, उद्योगों और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए पॉलिसी सिग्नल का काम करते हैं, और इस बार के चुनावों में उभरी तस्वीर, जहाँ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्य में फ़्तेह से भरी दिखी, असम में अपनी स्थिति मजबूत रखे हुए लौटी और पुडुचेरी में भी गठबंधन के साथ आई है,वह निवेशकों के लिए स्थिरता और निरंतरता का संदेश देती है। इसके विपरीत, तमिलनाडु में विजय की पार्टी टीवींके का उभार, तथा केरल के संकेत, एक मिश्रित लेकिन समग्र रूप से सकारात्मक आर्थिक परिदृश्य की ओर इशारा करते हैं।पश्चिम बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलना, असम में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी,और तमिलनाडु में सत्ता परिवर्तन या मजबूत जनादेश,इन तीनों घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत की राजनीति अबपारंपरिक क्षेत्रीय सीमाओं से आगे बढ़कर वैचारिक और प्रदर्शन आधारित हो चुकी है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इस चुनाव परिणाम ने यह भी दिखाया कि मतदाता अब केवल पहचान-आधारित राजनीति से संतुष्ट नहीं हैं, बल्कि वे विकास, सुशासन और राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ तालमेल को भी प्राथमिकता दे रहे हैं।यह आर्टिकल इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आए परिणामों के आधार पर लिखा गया है।

साथियों बात अगर हम पश्चिम बंगाल असम और तमिलनाडु की बात करें तो यह चुनावकेवल एक राज्य का चुनाव नहीं था, बल्कि यह एक वैचारिक टकराव का केंद्र बन चुका था। लंबे समय से टीएमसी के नेतृत्व में चल रही सरकार के सामने बीजेपी ने जिस आक्रामक रणनीति के साथचुनाव लड़ा,वह अभूतपूर्व था। वास्तव में बंगाल में बीजेपी को इतना बहुमत मिलना यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संस्कृति का परिवर्तन माना जाएगा। बंगाल, जो दशकों तक वामपंथी और क्षेत्रीय राजनीति का गढ़ रहा,वहां राष्ट्रीय दल का उभार यह संकेत देता है कि मतदाता अब केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय चाहते हैं। यह जीत उस नैरेटिव को भी मजबूत करती है कि राष्ट्रीय स्तर की नीतियां और नेतृत्व अब क्षेत्रीय राजनीति को भी प्रभावित कर रहे हैं।असम में बीजेपी की हैट्रिक जीत अपने आप में एक अलग कहानी कहती है। पूर्वोत्तर भारत, जिसे कभी राजनीतिक रूप से अस्थिर और केंद्र से दूर माना जाता था, आज विकास और सुरक्षा के मुद्दों पर स्थिरता की ओर बढ़ रहा है।बीजेपी की लगातार तीसरी जीत यह दर्शाती है कि वहां की जनता ने पार्टी के शासन मॉडल को स्वीकार किया है। बुनियादी ढांचे का विकास, कनेक्टिविटी में सुधार, और सुरक्षा के मोर्चे पर स्थिरता,ये सभी कारक इस जीत के पीछे प्रमुख रहे हैं।यह परिणाम न केवल राज्य स्तर पर बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में राजनीतिक संतुलन को मजबूत करता है, जिससे भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी को भी बल मिलता है।तमिलनाडु की राजनीति हमेशा से विशिष्ट रही है, जहां द्रविड़ दलों का दबदबा रहा है। यदि इस बार चुनाव में किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत मिला है या सत्ता परिवर्तन हुआ है, तो यह दक्षिण भारतीय राजनीति में एक नए युग की शुरुआत हो सकती है।द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के बीच परंपरागत मुकाबले के बीच यदि कोई नया समीकरण उभरा है, तो यह इस बात का संकेत है कि मतदाता अब पारंपरिक निष्ठाओं से हटकर प्रदर्शन और नेतृत्व क्षमता को महत्व दे रहे हैं। तमिलनाडु का परिणाम राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दक्षिण भारत में राजनीतिक विस्तार की संभावनाओं को दर्शाता है।

साथियों इन तीन प्रमुख राज्यों के अलावा,अन्य राज्यों के परिणाम भी इस व्यापक तस्वीर को पूरा करते हैं।कुल मिलाकर यह चुनाव परिणाम एक मिश्रित लेकिन स्पष्ट संदेश देता है जहां मतदाता स्थानीय मुद्दों के आधार पर निर्णय लेते हैं, वहीं वे राष्ट्रीय नेतृत्व और नीतिगत स्थिरता को भी ध्यान में रखते हैं। इस चुनाव में यह भी देखने को मिला कि चुनाव प्रचार में डिजिटलमाध्यमों सोशल मीडिया और डेटा-आधारित रणनीतियों का प्रभाव पहले से कहीं सटीक रूप से अधिक रहा।

साथियों शेयर बाजार व विकास के बुनियादी ढांचों व राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर भी इन चुनाव परिणामों का तात्कालिक प्रभाव देखा जा सकता है। यदि बाजार को यह संकेत मिलता है कि सरकार मजबूत और स्थिर है,तो निवेशकों का विश्वास बढ़ता है, जिससे बाजार में तेजी आ सकती है। सेक्टर वाइज देखें तो इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को सबसे अधिक लाभ हो सकता है, क्योंकि ये क्षेत्र सरकारी नीतियों और निवेश पर निर्भर करते हैं। वहीं, आईटी और फर्मा जैसे सेक्टर पर अपेक्षाकृत कम प्रभाव पड़ता है, क्योंकि वे वैश्विक बाजार से अधिक प्रभावित होते हैं।राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, इन चुनाव परिणामों का सबसे बड़ा प्रभाव नीतिगत निर्णयों की गति पर पड़ता है। एक मजबूत सरकार तेजी से निर्णय ले सकती है, जिससे आर्थिक सुधारों को लागू करना आसान हो जाता है। यदि केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय होता है, तो बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स और निवेश योजनाएं तेजी से आगे बढ़ सकती हैं। इससे रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलता है।

साथियों बात अगर हम राजनीतिक दृष्टिकोण से यह परिणाम भारतीय संघीय ढांचे पर भी प्रभाव डालेगा किसको समझाने की करें तो अब तक पश्चिम बंगाल केंद्र और राज्य के बीच टकराव का एक प्रमुख उदाहरण रहा है,जहां टीएमसी सरकार और केंद्र की बीजेपी सरकार के बीच लगातार राजनीतिक और प्रशासनिक संघर्ष देखने को मिला।अब केंद्र और राज्य के बीच समन्वय बढ़ने की संभावना है। इससे विकास परियोजनाओं,बुनियादी ढांचे के निर्माण और निवेश को गति मिल सकती है। हालांकि, यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि विपक्ष की अनुपस्थिति में लोकतांत्रिक संतुलन बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होगी।आर्थिक दृष्टि से पश्चिम बंगाल में बीजेपी की जीत निवेशकों के लिए एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखी जा सकती है। लंबे समय से यह आरोप लगाया जाता रहा है कि राज्य में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण नहीं है और राजनीतिक अस्थिरता तथा हिंसा निवेश को प्रभावित करती है। यदि नई सरकार स्थिरता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में सफल रहती है, तो राज्य में औद्योगिक विकास को नई दिशा मिल सकती है। विशेष रूप से विनिर्माण,आईटी और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में बड़े निवेश की संभावना बढ़ सकती है। इसके अलावा, केंद्र और राज्य के बीच बेहतर तालमेल से योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ सकती है, जिससे रोजगार सृजन और आर्थिक वृद्धि को बल मिलेगा। हम देखेंगे कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से यह चुनाव परिणाम बंगाल की पहचान की राजनीति पर भी गहरा प्रभाव डाल सकता है। टीएमसी ने अब तक बंगाली अस्मिता और क्षेत्रीय गौरव को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया था,जबकि बीजेपी ने राष्ट्रीयता, विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को प्रमुख मुद्दा बनाया। यदि बीजेपी सत्ता में आती है,तो यह देखना दिलचस्प होगा कि वह इन दोनों विमर्शों के बीच संतुलन कैसे बनाती है। राज्य की विविध सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक संरचना को ध्यान में रखते हुए किसी भी प्रकार का एकतरफा दृष्टिकोण राजनीतिक और सामाजिक तनाव को जन्म दे सकता है।

साथियों बात अगर हम इस पूरे मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण से देखें तो ये चुनाव परिणाम भारत की राजनीतिक स्थिरता के लिए सकारात्मक संकेत हैं। वैश्विक निवेशक हमेशा यह देखना चाहते हैं कि किसी देश में सरकार कितनी स्थिर है और नीतियों में निरंतरता कितनी है। यदि प्रमुख राज्यों में एक ही पार्टी या गठबंधन को मजबूत जनादेश मिलता है, तो यह निवेशकों के लिए एक सकारात्मक संकेत होता है। इससे विदेशी निवेश में वृद्धि की संभावना बढ़ती है और भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल जैसे औद्योगिक और रणनीतिक राज्य में सत्ता परिवर्तन या स्थिर सरकार का गठन, पूर्वी भारत के आर्थिक विकास को गति दे सकता है।एक स्थिर और मजबूत लोकतंत्र के रूप में भारत की पहचान और मजबूत होती है, जिससे वैश्विक मंच पर उसकी स्थिति सुदृढ़ होती है। अमेरिका, यूरोप और एशिया के अन्य देशों के साथ भारत के संबंधों में भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। विशेष रूप से चीन के साथ प्रतिस्पर्धा और इंडो- पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक संतुलन के संदर्भ में, भारत की राजनीतिक स्थिरता एक महत्वपूर्ण कारक है।हालांकि, यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि हर चुनाव परिणाम के साथचुनौतियां भी आती हैं। जिन राज्यों में सत्ता परिवर्तन हुआ है, वहां नई सरकार को जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा।वहीं,जहां सरकार दोबारा चुनी गई है, वहां प्रदर्शन को और बेहतर करना होगा, क्योंकि जनता की उम्मीदें और बढ़ जाती हैं। विपक्ष की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष आवश्यक है।

साथियों जब किसी देश में राजनीतिक स्थिरता और नीति निरंतरता का संकेत मिलता है,तो वह विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को आकर्षित करने में सक्षम होता है। वर्तमान परिदृश्य में,भारत चीन+1 रणनीति के तहत एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में उभर रहा है,और यदि इन चुनावों के परिणाम स्थिरता का संदेश देते हैं, तो बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ भारत में अपने निवेश को और बढ़ा सकती हैं। पश्चिम बंगाल में संभावित बदलाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह राज्य भौगोलिक रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया के करीब है और क्षेत्रीय व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान और रेटिंग एजेंसियाँ भी इन चुनावी परिणामों को भारत की दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता के संकेतक के रूप में देखेंगी। यदि परिणाम अपेक्षानुसार आते हैं, तो भारत की साख पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, जिससे विदेशी पूंजी की लागत कम हो सकती है।

साथियों हालांकि,वैश्विक परिदृश्य में कुछ जोखिम भी बने हुए हैं, जैसे कि भू-राजनीतिक तनाव, विशेष रूप से मध्य पूर्व में संभावित संघर्ष, जो ऊर्जा कीमतों को प्रभावित कर सकता है और इसके परिणामस्वरूप भारत की आयात लागत बढ़ सकती है। इसके अतिरिक्त, वैश्विक मंदी या प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक सुस्ती भी भारत के निर्यात और निवेश प्रवाह को प्रभावित कर सकती है। फिर भी, यदि भारत घरेलू स्तर पर स्थिर और सुधारोन्मुखी नीतियों को बनाए रखता है, तो वह इन बाहरी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा।समग्र रूप से देखा जाए तो 2026 के इन चुनावों के रुझान भारत के लिए एक सकारात्मक आर्थिक कहानी की नींव रखते हैं, जहाँ राजनीतिक स्थिरता, नीति निरंतरता और क्षेत्रीय विकास का संतुलन देश को एक नई आर्थिक ऊंचाई पर ले जा सकता है। शेयर बाजार में अल्पकालिक तेजी, विभिन्न सेक्टरों में निवेश के अवसर, राष्ट्रीय स्तर पर सुधारों की गति और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती साख–ये सभी संकेत इस बात की ओर इशारा करते हैं कि भारत आने वाले वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन चुनावी रुझानों का प्रभाव और भी व्यापक है, क्योंकि वैश्विक निवेशक भारत को एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में देखते हैं

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 4 मई 2026 के पांच राज्यों चुनाव परिणाम यह स्पष्ट करते हैं कि भारत का लोकतंत्र लगातार विकसित हो रहा है। मतदाता अधिक जागरूक हो रहे हैं और वे अपने वोट का उपयोग सोच-समझकर कर रहे हैं। यह चुनाव केवल जीत और हार का नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रतीक है। बंगाल में कमल का खिलना, असम में हैट्रिक, और तमिलनाडु में नई राजनीतिक कहानी,ये सभी घटनाएं मिलकर एक ऐसे भारत की तस्वीर पेश करती हैं, जो परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

## 'परिणाम चाहे जो हों, विजय लोकतंत्र की ही होगी'

भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनभावनाओं की अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त उत्सव होते हैं। कल पांच राज्यों के चुनाव परिणाम घोषित होने जा रहे हैं। यह परिणाम किसी एक दल, नेता या गठबंधन के पक्ष या विपक्ष में जा सकते हैं, लेकिन एक सत्य अटल है। इन परिणामों के साथ जीत होगी भारत के लोकतंत्र की।

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र ऐसे ही नहीं कहा जाता।उसकी विशेषता है जनता की भागीदारी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया, तथा संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता। चुनाव आयोग,लोकल और केन्द्रीय सुरक्षा बल जैसे संस्थान इस प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सत्य तो यह है कि हर मतदाता जब अपने मताधिकार का प्रयोग करता है, तब वह केवल एक प्रतिनिधि नहीं चुनता, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करता है।

चुनाव परिणामों के दिन अक्सर राजनीतिक दलों के लिए जीत-हार का लेखा-जोखा होता है। विजयी दल इसे जनादेश का सम्मान मानते हैं, जबकि पराजित दल आत्ममंथन करते हैं। परंतु इस पूरी प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि जनता का विश्वास चुनाव प्रणाली में बना रहता है। यही विश्वास लोकतंत्र की असली पूंजी है।

भारत में चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का भी प्रतीक हैं। अलग-अलग विचारधाराओं, भाषाओं, धर्मों और संस्कृतियों के लोग एक ही प्रक्रिया में भाग लेते हैं और अपने मत से देश की दिशा तय करते हैं। यह विविधता में एकता का अद्भुत उदाहरण है।

यह भी उल्लेखनीय है कि भारत में सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से होता है। यह परिपक्व लोकतंत्र की पहचान है। दुनिया के कई देशों में जहां चुनाव हिंसा में और अस्थिरता का कारण बनते हैं, वहीं भारत में यह प्रक्रिया एक उत्सव के रूप में देखी जाती है, छुट-पुट अप्रिय घटनाओं को छोड़कर।

हालांकि, लोकतंत्र की यह सफलता केवल संस्थाओं या नेताओं की देन नहीं है। इसके मूल में है जागरूक और जिम्मेदार नागरिक। जब मतदाता जाति, धर्म, या अल्पकालिक लाभ से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में मतदान करता है, तब लोकतंत्र और अधिक सशक्त होता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम चुनाव परिणामों को केवल जीत-हार के नजरिए से न देखें, बल्कि इसे लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनः पुष्टि के रूप में स्वीकार करें। विजयी दलों को चाहिए कि वे जनादेश का सम्मान करते हुए जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता दें, और विपक्ष को चाहिए कि वह रचनात्मक भूमिका निभाते हुए लोकतंत्र को संतुलित बनाए रखे।

अंततः, चुनाव परिणाम चाहे जो भी हों, भारत की लोकतांत्रिक परंपरा और उसकी संस्थाओं की मजबूती ही सबसे बड़ी जीत है। यही वह शक्ति है जो भारत को विश्व में एक सशक्त, स्थिर और प्रगतिशील राष्ट्र के रूप में स्थापित करती है।

निष्कर्षतः चार मई को जब परिणाम आएंगे, तब किसी दल की जीत और किसी की हार होगी, लेकिन सच्ची विजय उस विश्वास की होगी, जो करोड़ों भारतीयों ने अपने मत के माध्यम से लोकतंत्र में व्यक्त किया है। राजनैतिक दलों को भी सभी गिले शिकवे छोड़कर चुनाव परिणाम का सम्मान करना चाहिए।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## झूठा है..

दिखा रहे है देखो वो किरदार झूठा है
दिखावे की है दुनियां इनका प्यार झूठा है

वादा जो कर रहें है बेशक तोड़ देंगे वो
झूठा है इनका वादा भी सब करार झूठा है

आएंगे अच्छे दिन भी कहने की बात है
लगता नहीं है अब की आसार झूठा है

ये प्यार प्यार जो दिखावे का ही तो प्यार
कर रहें है जो सभी से इकरार झूठा है

हाथ जोड़ सबके देखो दर दर जो आ रहे
जता रहे है सबसे सच ये दुलार झूठा है




किशोर छिपेश्वर 'सागर', बालाघाट

## संवेदनाहीन व्यवस्था..

एक घटना नियम की
दुहाई देनेवाले बॅंक की
जीसके लिये एक भाई ने
अपनी बहन का कंकाल
बहन की मौत के सबूत के
रूप में बॅंक में पेश किया
क्योंकि वो बहन
का मृत्यु प्रमाणपत्र
पेश नहीं कर सका
जीसकी मृत्यु हो चुकी है
उसे मृत्यु प्रमाणपत्र देना
स्थानिक प्रशासन
की जवाबदेही है
उसके लिये भी
वहॉं बैठे लोग
खर्चा मांगते हैं जो
वह नहीं दे सका
और ऑफिस के
चक्कर लगाने से
बेहत्तर उसे बहन का
कंकाल पेश करना
ज्यादा सरल लगा
जो उसने किया
बाद में उसका क्या हुआ
ये महत्त्वपूर्ण
नहीं है लेकिन
ऐसी नौबत ही न आये ऐसी
व्यवस्था होना
बेहद जरूरी है।

चिरंजीव बिसेन
गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 115



Aij I uhp &: 1) दी गई अवधि, मीयाद 2) पति या पत्नी की मां 3) तब, इसके बाद 4) रत्न 5) सिंह 6) दुर्ग, गढ़, विशाल भवन 7) महाराष्ट्र के एक प्रसिद्ध क्रान्तिकारी का कुलनाम 8) परसो के बाद का दिन 9) बराबर, समान 10) ऊंचे पद से नीचले पद पर नियुक्त किया हुआ 11) स्त्री 12) सवाल 13) संदेह 14) चौतीस का आधा 17) रोकना, नहीं कहना 20) नष्ट, विध्वंस 22) ओड़िशी का एक प्रमुख जिला 24) पश्चिम बंगाल के एक पुराने प्रसिद्ध समाज सुधारक, इन्ही के अथक प्रयत्नोंसे अंग्रेज सरकारने विधवा विवाह और बाल विवाह विरोधी कानून पारित किया. 25) काल, वक्त 26) भभूत, भस्म 28) एक दल से दूसरे दल में प्रवेश करना 30) चिन्ह, लक्ष्य 31) जोर से हंसना, अट्टाहास 35) यात्रा 36) राज भवन, राज प्रसाद 41) झरोखा, खिड़की 43) अंग्रेजी में भाग्य 44) श्रीराम का जयजयकार 46) बुढ़ापा 49) बराबरी 51) निर्भीक, न डरनेवाला 52) ग्राम 54) शहद, मकरंद 55) मुसलमानों की प्रार्थना 56) खलबली 59) बहुत बड़ा, श्रेष्ठ 61) रात को सुगंध देनेवाला फुलों का एक वृक्ष 62) नाई 65) दिन, वार 67) पानी में उबला हुआ चावल, प्रभात, सबेरा 69) रहित, बिना 70) धर्म (उर्दू) 72) महर्षी वाल्मिकीद्वारा रचित एक महाकाव्य 75) पचाना 77) पानी में स्थित महल 78) स्वच्छ 79) आर्द्रता 80) वंश, खानदान, कुटुंब 81) लेखनी 82) किसी वस्तु के नीचे का भाग 83) हिन्दी के एक सुप्रसिद्ध संत कवि जिनके दोहे और सखियां प्रसिद्ध है 85) तनातनी 86) इच्छा, प्रार्थना 87) हाथ का वह भाग जिसपर घड़ी पहनी जाती है 89) पेड़ का धड़ 91) दूसरा, भिन्न, इतर 92) श्रीविष्णु का एक अवतार 93) जबरदस्ती,, बलपूर्वक 95) मुसलमानोंद्वारा पूज्य व्यक्तियों के लिए एक संबोधन 97) हमारे एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री का कुलनाम 99) उपहार, भेंट 100) स्वीकार करना, मान्य करना 103) सख्त का अपभ्रंश रुप, कड़ा, दृढ़ 107) बाहर का, बाह्य 108) कन्या का पति 109) अंग्रेजी साल का एक महीना 111) देह, शरीर 112) कहानी 114) सिर 115) मूल्य, कीमत ●
(जवाब अगले अंक में)

ck;I I nk;I &: 1) सराय, धर्मशाला 6) कृषक 9) स्वप्न, ख्वाब 12) उजाला 14) दंड 15) तमन्ना, लालसा 16) हमला करनेवाला 18) सड़क पर बन्दर, रीछ आदि का तमाशा दिखानेवाला 19) किसी स्थान को घेरने के लिए लगाया गया मोटा कपड़ा 21) इन्कार करना 23) भोजन पकाने का स्थान, बना हुआ भोजन 27) एक ऋतु 29) थोड़ासा 32) दाग 33) सांस लेने की क्रिया 34) मजाकिया, हंसोड़ 37) किसानों का एक उपकरण 38) उत्तर प्रदेश का एक प्रसिद्ध शहर 39) एक लचीला पदार्थ 40) वेश्या 42) नीर, पानी 44) रामायण में सीता के पिता 45) घमंड, चोंचला 47) पहिया, मंडल 48) उद्देश्य 50) नुकसान 53) रामायण के नायक 55) चक्षु, आंख 56) परत 57) सम्पत्ति, सामान 58) रामायण में सीता के पति 60) भयंकर 63) मौजूद, जो अस्तित्व में हो, उपस्थित 64) मल्ल 66) वेद व्यासद्वारा रचित एक बड़ा ग्रंथ 68) जनक, बाप 69) शिक्षा से प्राप्त ज्ञान 71) महाराष्ट्र की एक पुरानी रियासत 73) शोभा (उर्दू) 74) आराम, सुख 76) अस्वस्थ 78) ऋषि कपूर, जूही चावनला का एक पुरानी पारिवारिक फिल्म 81) दासी,, सेविका 82) पर्यंत 84) मिथ्या धारणा 86) आमदनी 87) वध, हत्या 88) स्वार्थी 90) किसी काम में लीन होना 91) किसी चित्र या प्रतिमा के आवरण को समारोहपूर्वक हटाने की क्रिया 93) आफत 94) सुगंधित होना 96) सूजी 98) यज्ञ में आहुति डालना 100) स्वीकार्य, मानने योग्य 101) फिल्म 'जिस देश में गंगा बहती है' में राज कपूर का नाम 102) धनवान 104) धन, सोना, जीर्ण 105) अनुमान 106) बोली,, जीभ 108) जलन 110) जोखिमभरा 113) सांप पकड़नेवाला या उन्हें पालनेवाला 114) प्रशंसा, तारीफ 115) धब्बा 116) साम्राज्य, हुकूमत (उर्दू) 117) भारत का सबसे बड़ा मरुस्थल 118) परस्त्री 119) चंपे का जाति क उग्र तथा मोहक गन्ध का एक फूल

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





# रोहित और रिकेल्टन के तूफान में उड़े सुपर जाइंट्स, मुंबई इंडियन्स छह विकेट से जीता

**मुंबई, (भाषा)।**

***सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग की तालिका की सबसे निचले पायदान की दो टीम के बीच हुए मुकाबले में सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स को छह विकेट***

से हराकर नॉकआउट में जगह बनाने की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। इस जीत से मुंबई के 10 मैच में तीन जीत से छह अंक हो गए हैं और टीम नौवें स्थान पर बनी हुई है। सुपर जाइंट्स की टीम लगातार छठी हार के बाद नौ मैच में चार अंक के साथ 10वें और अंतिम पायदान पर है।

सुपर जाइंट्स के 229 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियन्स ने चोट के बाद वापसी कर रहे रोहित (84 रन, 44 गेंद, छह चौके, सात छक्के) और रिकेल्टन (83 रन, 32 गेंद, छह चौके, आठ छक्के) के बीच पहले विकेट की 143 रन की तूफानी साझेदारी की बदौलत आठ गेंद शेष रहते चार विकेट पर 229 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

निकोलस पूरन (63 रन, 21 गेंद, आठ छक्के, एक चौका) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (44 रन, 25 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़े जिससे सुपर जाइंट्स ने पांच विकेट पर 228 रन बनाए।

हिम्मत सिंह (नाबाद 40, 31 गेंद, दो चौके, दो छक्के) और एडेन मारक्रम (नाबाद 31, 25 गेंद, एक छक्का, एक चौका) ने अंत में छठे विकेट के लिए 49 गेंद में 68 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया लेकिन दोनों रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहे।

मुंबई की ओर से कोर्बिन बॉश सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। अल्लाह गजनफर (50 रन पर एक विकेट), विल जैक्स (34 रन पर एक विकेट) और रघु शर्मा (36 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे मुंबई इंडियन्स को रिकेल्टन और रोहित ने शानदार शुरुआत दिलाई।

रिकेल्टन ने मोहम्मद शमी पर दो चौकों के साथ शुरुआत की जबकि मोहसिन खान पर भी छक्का जड़ा। रिकेल्टन और रोहित ने शमी के अगले ओवर में भी छक्के मारे।

रोहित ने आवेश की लगातार गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों के साथ पावर प्ले में टीम का स्कोर बिना विकेट खोए 71 रन तक पहुंचाया। रोहित और रिकेल्टन ने एम सिद्धार्थ (47 रन पर दो विकेट) का स्वागत भी छक्के के साथ किया।

रिकेल्टन ने आवेश पर छक्के और एक रन के साथ 22 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जबकि रोहित ने अगले ओवर में सिद्धार्थ पर छक्के के साथ 27 गेंद में अर्धशतक जड़ने के साथ नौवें ओवर में टीम के रनों का सैकड़ा भी पूरा किया।

रिकेल्टन ने 11वें ओवर में मोहसिन की दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन इसी ओवर में जोश इंग्लिस को कैच दे बैठे जिससे सुपर जाइंट्स को पहली सफलता मिली।

रिकेल्टन के आउट होने के बावजूद रोहित ने आक्रामक रुख जारी रखा और शमी तथा आवेश पर छक्के जड़े। वह हालांकि इसके बाद बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ की गेंद पर शमी को कैच दे बैठे। मुंबई को अंतिम पांच ओवर



में जीत के लिए 42 रन की दरकार थी।

सिद्धार्थ ने तिलक वर्मा (11) को डीप एक्सट्रा कवर पर मारक्रम के हाथों कैच कराके सुपर जाइंट्स को वापसी दिलाने की कोशिश की।

एक गेंद बाद नमन धीर भाग्यशाली रहे जब सिद्धार्थ की गेंद पर कवर्स में इंग्लिस ने उनका कैच टपका दिया। इसका फायदा उठाते हुए नमन ने प्रिंस यादव पर लगातार दो चौके मारे और फिर शमी पर भी छक्का जड़ा।

कप्तान सूर्यकुमार यादव हालांकि 12 रन बनाने के बाद शमी की गेंद पर डीप स्क्वायर लेग पर पूरन के हाथों लपके गए।

मुंबई को आखिरी दो ओवर में 11 रन की जरूरत थी और नमन (नाबाद 23) ने विल जैक्स (नाबाद 10) के साथ मिलकर टीम को जीत दिला दी।

टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम ने तीसरे ओवर में ही जोस इंग्लिस (13) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने स्पिनर गजनफर की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच थमाया। उन्होंने इससे पहले इस स्पिनर पर लगातार दो चौके मारे।

मार्श ने दीपक चाहर की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके से शुरुआती की और फिर जसप्रीत बुमराह की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके मारे। पूरन ने विल जैक्स पर तीन छक्कों के साथ फॉर्म में वापसी के संकेत दिए। उन्होंने गजनफर पर भी दो छक्के और एक चौका जड़ा। सुपर जाइंट्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 90 रन बनाए। पूरन ने चाहर पर फाइन लेग पर छक्के के साथ सिर्फ16 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पूरन हालांकि इसके बाद बॉश की गेंद पर विकेटकीपर रिकेल्टन को कैच दे बैठे। बॉश ने इसी ओवर में मार्श को भी नमन के हाथों कैच कराके सुपर जाइंट्स को दोहरा झटका दिया।

कप्तान ऋषभ का खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह 15 रन बनाने के बाद जैक्स की गेंद पर रिकेल्टन के हाथों लपके गए।

अक्षत रघुवंशी भी 11 रन बनाने के बाद रघु सिंह की गेंद पर उन्हीं को कैच दे बैठे जिससे सुपर जाइंट्स का स्कोर पांच विकेट पर 160 रन हो गया। हिम्मत सिंह ने धीमी शुरुआत के बाद गजनफर की गेंद पर लगातार गेंद पर छक्का और चौका जड़ा और फिर रघु पर चौके के साथ 17वें ओवर में टीम के रनों का दोहरा शतक पूरा किया। सुपर जाइंट्स की टीम अंतिम तीन ओवर में 22 रन ही जुटा सकी।

# हमने 10 से 15 रन कम बनाए: पंत

**मुंबई, (भाषा)।**

***लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफछह विकेट की शिकस्त के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम को अधिक रन बनाने चाहिए थे।***

सुपर जाइंट्स के 229 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियन्स ने चोट के बाद वापसी कर रहे रोहित शर्मा (84 रन, 44 गेंद, छह चौके, सात छक्के) और रेयान रिकेल्टन (83 रन, 32 गेंद, छह चौके, आठ छक्के) के बीच पहले विकेट की 143 रन की तूफानी साझेदारी की बदौलत आठ गेंद शेष रहते चार विकेट पर 229 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

निकोलस पूरन (63 रन, 21 गेंद, आठ छक्के, एक चौका) ने इससे पहले अर्धशतक जड़ने के अलावा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (44 रन, 25 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़े जिससे सुपर जाइंट्स ने पांच विकेट पर 228 रन बनाए।




पंत ने मैच के बाद कहा, ''जिस तरह से हमने शुरुआत की थी हमें निश्चित रूप से और अधिक रन बनाने चाहिए थे। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। वे इन परिस्थितियों के आदी हैं। निश्चित रूप से हम 10 से 15 रन पीछे रह गए।''

पंत ने कहा कि इस तरह के विकेटों पर गेंदबाजों को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

उन्होंने कहा, ''एक समय हमारा उन पर पलड़ा भारी था। इस तरह के विकेट पर आप गेंदबाजों को दोष नहीं दे सकते। वे बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। हमें थोड़ी अच्छी किस्मत की जरूरत है।''

# भारतीय मुक्केबाजों की अच्छी शुरुआत

**ताशकंद, (भाषा)।**



भारत के युवा मुक्केबाजों ने सोमवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा बनाए रखा।

अंडर-17 लड़कों की प्रतियोगिता में यश यादव (50 किग्रा) ने तुर्कमेनिस्तान के सुलेमान अहमदोव पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की जबकि करुणा अल्बर्टसन कोम (60 किग्रा) ने ताजिकिस्तान के अली नजरॉव के खिलाफ4-1 से जीत हासिल कर सभी को प्रभावित किया। गोपाल रामेश्वर गणेशे (52 किग्रा) का मुकाबला काफी कड़ा रहा और वे ताजिकिस्तान के नजरॉव दामिर से 2-3 के मामूली अंतर से हार गए। प्रशांत मिश्रा (57 किग्रा) को भी चीन के तांगजी लियू के खिलाफ0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अंडर-15 लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में खुशी राणा (49 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वियतनाम की थी नगोक ट्रुक गुयेन के खिलाफपहले ही दौर में रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) से जीत हासिल की जबकि हंसिका अत्री (46 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान की विसोला बख्तियोरोवा पर 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। नित्या पांडे (55 किग्रा) ने कड़ा मुकाबला किया लेकिन उन्हें कजाखस्तान की अरुणा शालमन के हाथों हार का सामना करना पड़ा। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में समीर बोहरा (43 किग्रा) ने प्रारंभिक दौर में चीनी ताइपे के हाओ-टिंग चांग पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की।

# पूरन का अर्धशतक, सुपर जाइंट्स ने मुंबई इंडियन्स को 229 रन का लक्ष्य दिया..

**मुंबई, (भाषा)।**

***निकोलस पूरन के तूफानी अर्धशतक से लखनऊ सुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफपांच विकेट पर 228 रन बनाए। पूरन (63 रन, 21 गेंद, आठ छक्के, एक चौका) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा सलामी***



बल्लेबाज मिचेल मार्श (44 रन, 25 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़कर सुपर जाइंट्स को ठोस मंच प्रदान किया। हिम्मत सिंह (नाबाद 40, 31 गेंद, दो चौके, दो छक्के) और एडेन मारक्रम (नाबाद 31, 25 गेंद, एक छक्का, एक चौका) ने अंत में छठे विकेट के लिए 49 गेंद में 68 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया लेकिन दोनों रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहे। मुंबई की ओर से कोर्बिन बॉश सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। अल्लाह गजनफर (50 रन पर एक विकेट), विल जैक्स (34 रन पर एक विकेट) और रघु शर्मा (36 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया।

टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम ने तीसरे ओवर में ही जोस इंग्लिस (13) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने स्पिनर गजनफर की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच थमाया। उन्होंने इससे पहले इस स्पिनर पर लगातार दो चौके मारे।

मार्श ने दीपक चाहर की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके से शुरुआती की और फिर जसप्रीत बुमराह की लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके मारे।

पूरन ने विल जैक्स पर तीन छक्कों के साथ फॉर्म में वापसी के संकेत दिए। उन्होंने गजनफर पर भी दो छक्के और एक चौका जड़ा।

सुपर जाइंट्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 90 रन बनाए। पूरन ने चाहर पर फाइन लेग पर छक्के के साथ सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पूरन हालांकि इसके बाद बॉश की गेंद पर विकेटकीपर रेयान रिकेल्टन को कैच दे बैठे।

बॉश ने इसी ओवर में मार्श को भी नमन के हाथों कैच कराके सुपर जाइंट्स को दोहरा झटका दिया। कप्तान ऋषभ का खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह 15 रन बनाने के बाद जैक्स की गेंद पर रिकेल्टन के हाथों लपके गए।

अक्षत रघुवंशी भी 11 रन बनाने के बाद रघु सिंह की गेंद पर उन्हीं को कैच दे बैठे जिससे सुपर जाइंट्स का स्कोर पांच विकेट पर 160 रन हो गया। हिम्मत सिंह ने धीमी शुरुआत के बाद गजनफर की गेंद पर लगातार गेंद पर छक्का और चौका जड़ा और फिर रघु पर चौके के साथ 17वें ओवर में टीम के रनों का दोहरा शतक पूरा किया। सुपर जाइंट्स की टीम अंतिम तीन ओवर में 22 रन ही जुटा सकी।

# धोनी के बारे में जानकारी देना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर, वह लगातार सुधार कर रहे हैं: सिमंस..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने सोमवार को कहा कि दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफयहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच के लिए टीम के साथ नहीं आए हैं, लेकिन उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है।***

धोनी पिंडली की चोट के कारण इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। इस सत्र का आधे से अधिक हिस्सा बीत चुका है और सीएसके अपना 10वां मैच खेलने जा रही है। टीम का प्रदर्शन अब तक उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से हर सत्र में 44 वर्षीय इस महान भारतीय खिलाड़ी के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं।

सिमंस मंगलवार को यहां खेले जाने वाले मैच से एक दिन पहले मीडिया से बातचीत के लिए पहुंचे, तो पहला सवाल धोनी के बारे में ही पूछा गया। धोनी पिछले कुछ दिनों से नेट सत्र में बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे हैं।

सिमंस ने कहा, ''धोनी को लेकर अपडेट (जानकारी) देना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। वह इस समय हमारे साथ दिल्ली में नहीं हैं, लेकिन धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। वह कब खेलने के लिए तैयार होंगे, यह उन्हें खुद बेहतर पता है।''

गेंदबाजों के प्रदर्शन पर बात करते हुए सिमंस ने अंशुल कंबोज की जमकर सराहना की। कंबोज ने खेल के हर चरण में प्रभावित किया है और 17 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं।

सिमंस ने कहा, ''अंशुल ने शानदार प्रदर्शन किया है। आज आप जिस अंशुल को देख रहे हैं, वह केवल इस सत्र का परिणाम नहीं है; उसने पिछले साल से ही इसकी शुरुआत कर दी थी। हमने कुछ चीजों पर काम किया था। उसने घरेलू सत्र में अपनी गेंदबाजी के कोण और यॉर्कर की सटीकता पर खास काम किया।'' गेंदबाजी कोच ने कहा, ''उसने 'राउंड द विकेट' गेंदबाजी की बारीकियों को प्रभावी बनाया है। वह विकेट लेने के साथ-साथ रन गति पर भी नियंत्रण रखने में सफल रहा है।'' उन्होंने कंबोज की पेशेवर सोच और अभ्यास के तरीके की भी तारीफकरते हुए कहा, ''वह अपनी रणनीति और क्षेत्ररक्षण की जमावट को लेकर पूरी तरह स्पष्ट रहता है। आधुनिक क्रिकेट में गेंदबाज के लिए यह स्पष्टता बेहद जरूरी है।'' नौ मैचों में चार जीत के साथ



चेन्नई सुपर किंग्स अब बाकी बचे पांच लीग मैचों में 'करो या मरो' जैसी स्थिति में पहुंच गई है। पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को हराने के बाद सिमंस को भरोसा है कि उनकी टीम प्लेऑफमें जगह बना सकती है। उन्होंने कहा, ''तालिका में शीर्ष चार और बाकी टीमों के बीच थोड़ा अंतर जरूर बन गया है, लेकिन हमारी किस्मत अभी भी हमारे हाथ में है। हमें पता है कि हम लीग की किसी भी टीम को हरा सकते हैं। अगर हम अपनी क्षमता के अनुसार खेलते हैं, तो शीर्ष पर पहुंचने से हमें कोई नहीं रोक सकता। जब हम अच्छा खेलते हैं, तो हमें हराना बेहद मुश्किल हो जाता है।''

# अंजलि ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता

**नयी दिल्ली, (भाषा)।**

***राजस्थान की अंजलि शेखावत ने सोमवार को यहां 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह स्मृति निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।***

अंजलि क्वालीफिकेशन में 576 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही थी। उन्होंने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 240.5 के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया।

हरियाणा की कनक बुधवार ने 238.7 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता जबकि पंजाब की अगम रंजीत कौर ग्रेवाल ने 216 के स्कोर से कांस्य पदक हासिल किया। क्वालीफिकेशन दौर में तेलंगाना की ओलंपियन ईशा सिंह 582 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं थी।



हालांकि ईशा सिंह और मध्य प्रदेश की महिमा तुर्ही अग्रवाल ने फाइनल में हिस्सा नहीं लिया। तुर्ही ने 575 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया था।

महिला वर्ग की रजत पदक विजेता कनक ने 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर महिला वर्ग में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 238.4 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की प्रियांशी पूर्वा ने 237.5 के स्कोर से रजत पदक जीता जबकि हरियाणा की ही केतन ने 216.8 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीतकर राज्य के लिए क्लीन स्वीप पूरा किया। युवा महिला 10 मीटर एयर पिस्टल युवा महिला वर्ग में कनक ने एक बार फिर जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 244.3 के शानदार स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की नव्या ने 237.7 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया जबकि सेना की अंजली महेंद्र भागवत ने 215.3 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

टीम स्पर्धा में हरियाणा की प्रियांशी पूर्वा, नव्या और सुरभि राव की तिकड़ी ने 1718 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# बंगाल में नई सरकार से उद्योग जगत को औद्योगिकीकरण, निवेश अनुकूल नीतियों की उम्मीद



कोलकाता, (भाषा)।

***पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदर्शन पर उद्योग मंडलों और व्यापार संगठनों ने सोमवार को बधाई दी और उम्मीद जताई कि नई***

सरकार राज्य के आर्थिक वृद्धि को पटरी पर लाने के लिए औद्योगिकीकरण, बुनियादी ढांचे के निर्माण, निवेश अनुकूल नीतियों और केंद्र-राज्य के बीच मजबूत समन्वय पर ध्यान केंद्रित करेगी।

निर्वाचन आयोग के शाम सवा छह बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, 294 सदस्यीय विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 35 सीटें जीत चुकी है और 170 अन्य पर आगे है। वहीं, 2011 से राज्य की सत्ता पर काबिज तृणमूल कांग्रेस को 15 सीटों पर विजेता घोषित किया गया है और वह 67 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है।

भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष नरेश पचीसिया ने कहा, ÷बंगाल के लिए एक नई शुरुआत का संकेत है, जहां बड़े निवेश, व्यापार विस्तार और औद्योगिकीकरण को गति देने के साथ केंद्र-राज्य संबंधों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।÷ उन्होंने पारदर्शी और सुदृढ़ शासन, व्यवसाय-अनुकूल नीतियों, स्थिर श्रम संबंधों और निवेशकों के बीच राज्य की छवि सुधारने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

पचीसिया ने कहा कि कम समय में निवेशकों का भरोसा बहाल करना पश्चिम बंगाल को एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में पुनर्जीवित करने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) ने भी राज्य में सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड जनादेश मिलने पर बधाई दी।

उद्योग मंडल ने बयान में कहा, ÷बीसीसीआई राज्य में ऐसा माहौल बनने की उम्मीद करता है जो निवेशकों के भरोसे, कारोबार सुगमता, औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और नीतिगत स्थिरता को और मजबूत करे।÷

उसने कहा कि राज्य की आर्थिक क्षमता का लाभ उठाने के लिए रचनात्मक शासन और सहयोगात्मक विकास अहम होंगे।

बीसीसीआई ने निवेश को गति देने के लिए सरकार और उद्योग के बीच संस्थागत सहयोग, राजकोषीय मजबूती और प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहनों की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

पश्चिम बंगाल होजरी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदेश अग्रवाल ने उम्मीद जताई कि नई सरकार कपड़ा क्षेत्र को विशेष समर्थन देगी और केंद्र सरकार की योजनाओं के अनुरूप कदम उठाएगी।

उन्होंने कहा कि उद्योग को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, आधुनिक टेक्सटाइल पार्कों के विकास, बेहतर लॉजिस्टिक और एकीकृत मूल्य श्रृंखला के लिए मजबूत केंद्र-राज्य समन्वय की उम्मीद है।

अग्रवाल ने कहा, ÷बदलते वैश्विक परिदृश्य में, जहां आपूर्ति श्रृंखलाएं लगातार परिवर्तित हो रही हैं, राज्य के पास एक प्रतिस्पर्धी और भरोसेमंद वस्त्र केंद्र के रूप में उभरने की पर्याप्त क्षमता है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि नीतिगत इच्छाशक्ति के साथ समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।÷

# पेट्रोल-डीजल पर घाटे के बावजूद तेल कंपनियों को राहत देने का प्रस्ताव नहीं: अधिकारी..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***पेट्रोल, डीजल और विमानन ईंधन (एटीएफ) की खुदरा बिक्री पर सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों को हो रहे नुकसान की भरपाई के लिए वित्तीय समर्थन देने का सरकार के पास फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।***

सोमवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा, ÷तेल विपणन कंपनियों को उनके नुकसान के लिए समर्थन देने का कोई भी प्रस्ताव सरकार के समक्ष नहीं है।÷

सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) पिछले दो महीनों से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम नहीं बढ़ा रही हैं। कच्चे तेल की लागत बढ़ने और खुदरा दाम में स्थिरता की वजह से इन पेट्रोलियम कंपनियों को प्रति लीटर 25-28 रुपये तक का 'अंडर-रिकवरी' (लागत से कम कीमत पर बिक्री) झेलना पड़ रहा है।

इसके अलावा, कंपनियों को दो दशक से अधिक समय में पहली बार एटीएफपर भी घाटा उठाना पड़ रहा है। इसकी वजह यह है कि घरेलू एयरलाइंस के लिए एटीएफकी कीमतों में समुचित बढ़ोतरी नहीं की गई है। पिछले महीने घरेलू एटीएफ कीमतों में 25 प्रतिशत वृद्धि की गई थी, जबकि अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए मई में इसका दाम 5.33 प्रतिशत बढ़ाकर 1,511.86 डॉलर प्रति किलोलीटर कर दिया गया। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत सात मार्च को 60 रुपये बढ़ाई गई थी, लेकिन यह लागत में हुई बढ़ोतरी की पूरी भरपाई नहीं कर पा रहा है। इसके चलते कंपनियां एलपीजी पर भी घाटा उठा रही हैं।

हालांकि, अतीत में सरकार एलपीजी पर सब्सिडी के जरिए इस तरह के नुकसान की भरपाई करती रही है। शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से आपूर्ति बाधित होने के बावजूद उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की कीमतों में वृद्धि नहीं की गई है। हालांकि, औद्योगिक उपयोग वाले डीजल और वाणिज्यिक एलपीजी के दाम बढ़ाए गए हैं जो कुल खपत का केवल 10 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा, ÷उपभोक्तों को संरक्षण देने के लिए हरसंभव प्रयास किया गया है। कीमतों में बदलाव का फैसला करते समय उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखा गया है।÷ शर्मा ने कहा कि तेल विपणन कंपनियों की तरफसे कदम महंगाई पर काबू पाने की मंशा से उठाए गए हैं।

# एलएनजी के भंडारण टैंक की संख्या बढ़ाने की तैयारी में भारत: पेट्रोनेट सीईओ



नई दिल्ली, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया संघर्ष और बढ़ते जोखिमों के बीच भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के भंडारण के लिए नए टैंक बनाने की तैयारी में है।***

पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत अपनी प्राकृतिक गैस जरूरतों का करीब 50 प्रतिशत आयात करता है, जिसका उपयोग बिजली उत्पादन, उर्वरक निर्माण, सीएनजी और रसोई गैस के तौर पर होता है। यह गैस तरलीकृत रूप (एलएनजी) में कतर और अमेरिका जैसे देशों से जहाजों के जरिए लाई जाती है।

देश में प्राकृतिक गैस की मुख्य आयातक कंपनी पेट्रोनेट एलएनजी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ए के सिंह ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बाद कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आपूर्ति प्रभावित हुई है, जो कुल आयात का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि इस स्थिति ने वैकल्पिक स्रोतों की तलाश की जरूरत बताई है। ऐसे समय में पेट्रोनेट कई टर्मिनलों पर नए एलएनजी भंडारण टैंक बनाकर अपनी भंडारण क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है।

सिंह ने बताया कि कंपनी ओडिशा के गोपालपुर में दो, केरल के कोच्चि में एक और गुजरात के दहेज में अतिरिक्त भंडारण टैंक स्थापित करने की योजना बना रही है। इन परियोजनाओं को पूरा होने में करीब तीन साल लगेंगे। कुल मिलाकर सात नए टैंक प्रस्तावित हैं।

सिंह ने कहा कि अतिरिक्त भंडारण क्षमता से आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी गैस की उपलब्धता बनाए रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ÷हमारे पास परिचालन के लिहाज से पर्याप्त भंडारण है लेकिन युद्ध जैसी आपात स्थितियों के लिए नहीं है।÷

पेट्रोनेट के पास देश के 23 एलएनजी टैंकों में से 10 टैंक हैं, जिनके जरिए 2025-26 में 2.65 करोड़ टन एलएनजी का प्रबंधन किया गया। इसमें दहेज टर्मिनल पर आठ और कोच्चि में दो टैंक शामिल हैं।

कतर के रास लाफान संयंत्र से एलएनजी की आपूर्ति दो मार्च से ही बाधित है और मार्च-अप्रैल में कोई भी खेप नहीं आई। मई में भी आपूर्ति प्रभावित रहने की आशंका है, जबकि जून को लेकर स्थिति अनिश्चित है।

सिंह ने कहा कि आपूर्ति बाधित होने के कारण प्राथमिकता वाले क्षेत्रों, जैसे घरेलू रसोई गैस और परिवहन के लिए सीएनजी, तक गैस पहुंचाने के लिए औद्योगिक उपभोक्ताओं को आपूर्ति में कटौती करनी पड़ी।

उन्होंने कहा कि संकट के दौरान हाजिर बाजार में एलएनजी कीमतें बढ़कर 24-25 डॉलर प्रति यूनिट तक पहुंच गई थीं, जो अब घटकर करीब 16 डॉलर पर आ गई हैं।

सिंह ने कहा कि भारत में गैस की मांग कीमतों को लेकर संवेदनशील है और प्रतिस्पर्धी दरें ही मांग को बनाए रख सकती हैं।

# मांग बढ़ने से अधिकांश तेल तिलहन कीमतों में सुधार..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***मांग बढ़ने के कारण सोमवार को अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में सुधार आया और सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत रहे।***

ऊंचे दाम के कारण लिवाली कमजोर रहने से मूंगफली तेल-तिलहन तथा आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के बीच सोयाबीन तेल के दाम स्थिर रहे। शिकागो एक्सचेंज में सुधार है जबकि मलेशिया एक्सचेंज लगभग एक प्रतिशत मजबूत है।

बाजार सूत्रों ने कहा कि किसानों के रोक-रोक कर आवक लाने और मांग बढ़ने के कारण सरसों तेल-तिलहन में सुधार आया। किसान अब सट्टेबाजों द्वारा अलग अलग मंचों से दिये जाने वाले, वास्तविकता से परे अनुमानों पर, यकीन नहीं कर रहे। किसान रोक-रोक कर अपनी फसल मंडियों में ला रहे हैं। दूसरा, आयातित तेलों से सस्ता होने की वजह से भी सरसों तेल-तिलहन की मांग है।

उन्होंने कहा कि सोयाबीन के तेल रहित खल (डी-आयल्ड केक या डीओसी) की घरेलू मांग बेहतर होने से सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार है। जबकि आयातकों द्वारा आयात की लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के बीच सोयाबीन तेल के दाम स्थिर रहे। डीओसी के बेहतर मांग को देखते हुए इस बार सोयाबीन की बिजाई अच्छी रहने की संभावना है।

सूत्रों ने कहा कि देश में सूरजमुखी तेल के दाम ऊंचे हैं और बिनौला तेल की उपलब्धता कम है।

इस स्थिति में पाम-पामोलीन तेल की मांग निरंतर बढ़ रही है। गर्मी के मौसम में इसकी औद्योगिक मांग भी मजबूत हुई है। पाम-पामोलीन की मांग को सोयाबीन से पूरा करना भी मुश्किल है। इन वजहों से पाम-पामोलीन तेल के दाम में सुधार है।उन्होंने कहा कि उपलब्धता कम होने के साथ मांग होने के कारण बिनौला तेल के दाम में भी सुधार है।

हरियाणा और पंजाब में बेहतर गुणवत्ता वाले कपास नरमा (जिससे बिनौला निकाला जाता है) का भाव 8,125 रुपये क्विंटल के अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक यानी लगभग 8,600 रुपये क्विंटल हो चला है।

इस बार कपास की अच्छी बुवाई की भी उम्मीद की जा सकती है। सूत्रों ने कहा कि ऊंचे दाम के कारण कमजोर लिवाली के बीच मूंगफली तेल-तिलहन तथा आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के बीच सोयाबीन तेल के दाम स्थिर बने रहे।

## तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,050-7,075 रुपये प्रति क्विंटल।
मूंगफली - 6,650-7,125 रुपये प्रति क्विंटल।
मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।
मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,500-2,800 रुपये प्रति टिन।
सरसों तेल दादरी- 14,500 रुपये प्रति क्विंटल।
सरसों पक्की घानी- 2,425-2,525 रुपये प्रति टिन।
सरसों कच्ची घानी- 2,425-2,570 रुपये प्रति टिन।
सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।
सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,850 रुपये प्रति क्विंटल।
सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,550 रुपये प्रति क्विंटल।
सीपीओ एक्स-कांडला- 13,750 रुपये प्रति क्विंटल।
बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,200 रुपये प्रति क्विंटल।
पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।
पामोलिन एक्स- कांडला- 14,450 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।
सोयाबीन दाना - 6,575-6,625 रुपये प्रति क्विंटल।
सोयाबीन लूज- 6,225-6,300 रुपये प्रति क्विंटल।

# दिल्ली में चांदी 6,800 रुपये उछली, सोना 2,000 रुपये टूटा



नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 6,800 रुपये चढ़कर 2.49 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही। विदेशी बाजारों में कीमतों पर दबाव के बावजूद आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की तरफसे मजबूत खरीदारी के कारण घरेलू बाजार में भाव में तेजी रही।***

हालांकि, अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,000 रुपये, यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा। बृहस्पतिवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''ऊर्जा की ऊंची कीमतों और अमेरिका-ईरान बातचीत को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच सोमवार को कम कारोबार वाले सत्र में सोने की कीमत में गिरावट आई।'' उन्होंने कहा कि तेल की बढ़ती कीमतों से ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बने रहने की आशंका है। साल के आखिर में इनमें और तेजी आने की आशंका है।

गांधी ने कहा, ''इस नजरिए ने डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल दोनों को सहारा दिया है। सत्र के दौरान ये दोनों ऊपर चढ़े, जिससे कीमती धातुओं की कीमतों पर दबाव बना।''

सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में 6,800 रुपये यानी 2.8 प्रतिशत की तेजी आई और यह 2,49,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,42,700 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

वैश्विक स्तर पर, हाजिर चांदी 2.55 प्रतिशत टूटकर 73.43 डॉलर प्रति औंस रही, जबकि सोना 49.27 डॉलर यानी 1.07 प्रतिशत फिसलकर 4,565.68 डॉलर प्रति औंस रहा।

मिराए एसेट शेयरखान में जिंस मामलों के प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी अनिश्चितता के बीच कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने के बीच हाजिर सोना निचले स्तर पर रहा और 4,560 डॉलर प्रति औंस के आसपास बना रहा।''

# कर्ज माफी के भ्रामक दावे वाले अभियानों से सावधान रहें: आरबीआई



मुंबई, (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कर्ज माफी का झांसा देने वाले अनधिकृत और भ्रामक अभियानों से जनता को सावधान रहने को कहा। साथ ही ऐसे व्यक्तियों या संस्थाओं से दूर रहने की सलाह दी।

केंद्रीय बैंक ने कहा, ÷आरबीआई ने विभिन्न माध्यमों और प्रत्यक्ष संपर्क के जरिए कुछ व्यक्तियों और संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे ऐसे अभियानों के लगातार सामने आने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।÷ आरबीआई ने दिसंबर 2023 में जारी अपनी इसी तरह की चेतावनी को भी दोहराया।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि ऐसे अभियान न केवल आम लोगों को गुमराह करते हैं, बल्कि देश की ऋण प्रणाली के सुचारु संचालन में भी बाधा डालते हैं। इन अभियानों में बैंकों या गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के बकाया ऋण माफकरने के झूठे वादे, कर्ज माफी प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेज जारी करने का दावा और सेवा या कानूनी शुल्क के नाम पर लोगों से पैसे वसूलना शामिल है।

आरबीआई ने कहा, ÷यह दोहराया जाता है कि ऐसी सेवाएं देने का दावा करने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के सभी दावे झूठे और भ्रामक हैं तथा उनके खिलाफलागू कानूनों के तहत उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।÷

केंद्रीय बैंक ने यह भी कहा कि ऐसी गतिविधियां वित्तीय संस्थानों की स्थिरता को कमजोर करती हैं, जमाकर्ताओं के हितों को प्रभावित करती हैं और ऐसे व्यक्तियों या संस्थाओं से जुड़ने पर सीधे वित्तीय नुकसान हो सकता है।

केंद्रीय बैंक ने कहा, ÷इसलिए आम जनता से अनुरोध है कि वे ऐसे व्यक्तियों या संस्थाओं से किसी भी प्रकार का संबंध न रखें और उनकी सेवाएं न लें। अपने ऋण से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए सीधे अपने वित्तीय संस्थानों से संपर्क करें।÷

आरबीआई ने लोगों को सलाह दी है कि इस तरह के किसी भी भ्रामक अभियान की सूचना तुरंत संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों को दें।




विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - 9329033433


# बचपन की सहेली ने ही 3 लाख में बेच दिया, खाटू श्याम ले जाकर जबरन करा दी शादी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***कानपुर के बर्रा विश्व बैंक कॉलोनी में एक दिल दहला देने वाला मानव तस्करी का मामला सामने आया है। अपनी ही बचपन की सहेली ने 21 वर्षीय एक युवती को मात्र 3 लाख रुपये में बेच दिया।***

युवती को राजस्थान के सीकर जिले से पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपी दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि युवती को बेचने वाली सहेली और उसके पति की तलाश पुलिस तेजी से कर रही है।

## सहेली के साथ खाटू श्याम दर्शन करने गई थी युवती..

बर्रा पुलिस के अनुसार, 21 वर्षीय युवती स्थानीय फैक्ट्री में काम करती थी। 21 अप्रैल को वह अपनी बचपन की सहेली रिया पांडेय (सागरपुरी, सेन पश्चिमपारा थाना क्षेत्र) और रिया के पति सुमित पांडेय के साथ खाटू श्याम जी के दर्शन करने गई थी। जब युवती कई दिनों तक घर नहीं लौटी तो उसकी मां ने चिंतित होकर सहेली रिया और सुमित से संपर्क साधा।

## पीड़िता की मां को सहेली ने दी धमकी..

शुरू में दोनों ने लौट आने की बात कहकर टालमटोल किया। बाद में रिया ने फोन पर धमकी देते हुए कहा कि युवती को तीन लाख रुपये में बेच दिया गया है। अगर वापस चाहिए तो पैसे देने होंगे। इसके तुरंत बाद दोनों के फोन स्विच ऑफ हो गए। परिवार ने तुरंत बर्रा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की तो रिया दंपति की अंतिम लोकेशन राजस्थान में मिली। रविवार रात बर्रा पुलिस की टीम युवती के परिजनों के साथ राजस्थान रवाना हुई। वहां सीकर जिले के फतेहपुर सदर क्षेत्र में तलाशी ली गई।



## नाम बदलकर 30 अप्रैल को जबरन कराई शादी..

पुलिस ने युवती को सफलतापूर्वक बरामद कर लिया। साथ ही स्थानीय मजदूर प्रदीप विश्वकर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके साथ युवती की जबरन शादी कराई गई थी। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि रिया और सुमित ने युवती को जान से मारने की धमकी देकर बेचा था। आरोपियों ने युवती का नाम बदलकर 'काजल' रखा और 30 अप्रैल को प्रदीप विश्वकर्मा से उसकी जबरन शादी करा दी। कागजात भी नए नाम से तैयार किए गए थे। युवती को अब उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

## युवती की मां ने क्या कहा?

युवती की मां ने बताया कि उनकी बेटी परिवार की आर्थिक मदद के लिए फैक्ट्री में काम करती थी। खाटू श्याम यात्रा का प्लान सहेली रिया ने ही बनाया था। परिवार को कभी अंदेशा नहीं हुआ कि सहेली ही ऐसी बड़ी साजिश रच सकती है।

## पुलिस की कार्यवाही..

पुलिस अब रिया पांडेय और सुमित पांडेय को पकड़ने के लिए छापेमारी और तकनीकी निगरानी तेज कर दी है। दोनों पर मानव तस्करी, अपहरण, जबरन शादी और धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्रदीप विश्वकर्मा से पूछताछ जारी है। पुलिस को आशंका है कि यह अकेला मामला नहीं हो सकता, पूरे नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। युवती फिलहाल सुरक्षित है, लेकिन घटना के सदमे से उबरने के लिए उसकी काउंसलिंग कराई जा रही है।

# धनबाद में आवारा कुत्तों ने घर के पास खेल रहे 5 साल के बच्चे को बुरी तरह नोंच डाला, मासूम की दर्दनाक मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***झारखंड के धनबाद जिले में आवारा कुत्तों का कहर एक बार फिर सुर्खियों में है। गोनूडीह ओपी क्षेत्र के भोला नाथ बसेरिया 4 नंबर यादव बस्ती में 5 वर्षीय मासूम अंकित की कुत्तों के झुंड ने बुरी तरह काटकर मार डाला।***



परिजनों के मुताबिक, अंकित अपने घर से महज कुछ कदम दूर हनुमान मंदिर के पास खेल रहा था। अचानक आवारा कुत्तों का झुंड उसे घेर लिया और उसके नन्हे शरीर को नोंच डाला। गले, हाथ-पैर और पेट पर गहरे घावों से मौके पर ही उसकी सांसें थम गईं। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिजन जब शव तक पहुंचे तो दहाड़ मारकर रो पड़े। मां-बाप का आंसुओं से भीगता चेहरा देख इलाके में सन्नाटा छा गया।

स्थानीय निवासी टुनटुन यादव ने कहा, 'नगर निगम की लापरवाही से कुत्तों का आतंक बढ़ रहा है। समय रहते कदम न उठे तो ऐसी त्रासदियां रोज होंगी। पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा दें। मृतक के चाचा रोहित यादव ने गुस्से में बोला, 'प्रशासन सो रहा है! इन आवारा कुत्तों को पकड़कर दूर भेजो, वरना और मासूमों की जान जाएगी।' स्थानीय लोग नगर निगम पर इलाके में कुत्तों की बढ़ती संख्या को रोकने में नाकामी का आरोप लगा रहे हैं। धनबाद प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं, लेकिन परिवार न्याय की प्रतीक्षा में टूट रहा है।

## चौंकाने वाले आंकड़े..

धनबाद में 2025 में 150+ लोग कुत्तों के शिकार बने। झारखंड में 2000+ मामले सामने आए। राष्ट्रीय स्तर पर 2024-25 में 30,000 से ज्यादा लोगों की मौत कुत्तों के काटने से हुई।

## शहर का हर कोना खतरनाक, बच्चे भी सहमे हुए..

धनबाद के हीरापुर, धैया, जयप्रकाश नगर, वासेपुर समेत लगभग हर मोहल्ले में आज आवारा कुत्तों के झुंड दिखते हैं। लोग कहते हैं, ऐसा कोई भी मोहल्ला नहीं है जहां कुत्तों का आतंक नहीं हो। रात के अंधेरे में तो ये झुंड बेहद खतरनाक हो जाते हैं और राहगीरों पर हमला कर देते हैं।

आवारा कुत्तों के डर से बच्चे घर से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं। छोटी छोटी गलियां, खेल के मैदान, आंगन और मंदिर के पास की गलियां भी अब उनके लिए खतरनाक मानी जाने लगी हैं। कुत्ते काटने की घटनाएं हर दिन बढ़ रही हैं, जिससे लोग पैदल निकलने से भी हिचकिचाते हैं।

## नसबंदी और वैक्सीन की मुहिम..

कुत्तों की आबादी पर लगाम लगाने के लिए धनबाद नगर निगम ने मध्य प्रदेश की एजेंसी 'केयर ऑफ एनिमल सोसाइटी' को जिम्मा दिया है। पिछले तीन साल में 10,634 कुत्तों की नसबंदी और बंध्याकरण किया गया है और सभी को एंटी रेबिज वैक्सीन भी दी गई है। हर महीने औसतन 500-600 कुत्तों को पकड़कर झरिया के चांदकुइंया स्थित अस्पताल ले जाया जाता है, जहां नर कुत्तों की नसबंदी और मादा कुत्तियों का बंध्याकरण किया जाता है। बर्थ कंट्रोल योजना के तहत हर महीने इसी गति से काम चल रहा है।

चूकि, नगर निगम चुनाव से पहले नगर निगम द्वारा कुत्तों का नसबंदी और बंध्याकरण कार्यक्रम रोक दिया गया था जिसके कारण एक बार फिर आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है और मासूम बच्चें ही सबसे ज़्यादा इनके शिकार होते हैं। पशुपालन विभाग के अनुसार धनबाद जिले में कुल आबादी के लगभग 5% हिस्से पर कुत्ते पाए जाते हैं। धनबाद शहर की आबादी लगभग 30 लाख मानी जाए, तो कुत्तों की संख्या लगभग 1.5 लाख होने का अनुमान है।

# सड़क हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***गौतमबुद्ध नगर के थाना दादरी क्षेत्र में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के दादरी कट पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक महिला समेत कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।***



पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजस्थान के भीलवाड़ा का रहने वाला एक परिवार कार (वैगन आर) में सवार होकर राजस्थान से बनारस जा रहा था। उन्होंने कहा कि कार सोमवार को गंगा एक्सप्रेसवे पर चढ़ने के लिए जैसे ही ईस्टर्न पेरीफेरल के दादरी कट के पास पहुंची वह आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में कार में सवार विवेक (30 वर्ष), राम (32 वर्ष) तथा महिला ममता (29 वर्ष) की मौके पर मौत हो गई, जबकि कार सवार एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने बताया कि बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने बताया कि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

मौके से पुलिस ने ट्रक और कार को हटाकर सुचारु यातायात बहाल किया। पुलिस ने कहा कि ट्रक चालक फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि एक अन्य मामले में थाना सूरजपुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में 28 वर्षीय शनि सिंह पुत्र तेज सिंह (निवासी ग्राम जैतपुर) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शनि अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर सोमवार को जा रहे थे, लेकिन यूनीटेक हैबिटेट समिति के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में शनि सिंह की मौत हो गई, जबकि उसका मित्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही है।

# अमेरिका ने जब्त ईरानी जहाज के चालक दल को पहुंचाया पाकिस्तान..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अमेरिका ने अपने सुरक्षा बलों द्वारा जब्त किए गए एक ईरानी जहाज पर हिरासत में रखे गए चालक दल के 22 सदस्यों को : 'विश्वास-बहाली उपाय' के तहत पाकिस्तान भेज दिया है। विदेश कार्यालय ने सोमवार एक बयान में जानकारी दी।***

'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान शिपिंग लाइन्स (आईआरआईएसएल) समूह के जहाज 'एमवी टौस्का' को 19 अप्रैल को ओमान की खाड़ी में ईरान के चाबहार बंदरगाह के तट पर अमेरिकी सेना ने अपने कब्जे में ले लिया। इस जहाज पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगा रखे हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा, 'अमेरिका द्वारा विश्वास बढ़ाने के उपाय के रूप में, जब्त किए गए ईरानी कंटेनर जहाज 'एमवी टौस्का' पर बंधक बनाए गए चालक दल के 22 सदस्यों को पाकिस्तान लाया गया है।'

इसमें कहा गया, 'ये वापसी ईरान और अमेरिका दोनों पक्षों के सहयोग से समन्वित रूप से की जा रही हैं।' विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान इस तरह के विश्वास-बहाली उपायों का स्वागत करता है और क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए मध्यस्थता प्रयासों को जारी रखते हुए संवाद और कूटनीति को बढ़ावा देना जारी रखेगा।

इस मुद्दे पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने कहा कि जब्त ईरानी जहाज के चालक दल के 22 सदस्यों को 'सुरक्षित रूप से' पाकिस्तान लाया गया है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री डार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'इन सबको को कल रात सुरक्षित रूप से पाकिस्तान लाया गया और आज उन्हें ईरान भेज दिया जाएगा।'

उन्होंने कहा, 'ये कदम ईरान और अमेरिका दोनों अधिकारियों के सहयोग और समन्वय से उठाए जा रहे हैं और निश्चित रूप से यह एक महत्वपूर्ण विश्वास-बहाली उपाय है।' डार ने कहा कि पाकिस्तान अमेरिका और ईरान के प्रति अपना आभार व्यक्त करता है और क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए संवाद, कूटनीति और मध्यस्थता को सुगम बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करता है।

# भागलपुर में गंगा नदी में टूटकर गिरा विक्रमशिला सेतु, पुल पर मौजूद थी गाड़ियां; बड़ा हादसा टला..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बिहार के भागलपुर जिले में रविवार को एक हादसा हो गया। यहां गंगा नदी पर बने विक्रमशिला सेतु का एक हिस्सा देर रात को गिर गया। हालांकि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ।***



बता दें कि यह विक्रमशिला सेतु 4.7 किलोमीटर लंबा है, जो भागलपुर और नवगछिया को जोड़ता है। वहीं इस हादसे को लेकर जिलाधिकारी का कहना है कि यातायात को रोक दिया गया है। कोई भी हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं विपक्ष ने इस हादसे के बाद सरकार पर निशाना साधा है।

## नदी में टूटकर गिरा पुल का हिस्सा..

वहीं हादसे को लेकर भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने कहा, 'रात करीब 12:50 बजे विक्रमशिला सेतु के पिलर संख्या 133 के पास दो स्लैब के बीच दरार बन गई। इसके कुछ ही देर बाद एक बड़ा स्लैब नदी में गिर गया।' उन्होंने कहा कि किसी वाहन के स्लैब के साथ गिरने, किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई सूचना नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा, 'जैसे ही अधिकारियों को दो स्लैब के बीच दरार बनने की सूचना मिली, उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए वहां से सभी वाहनों और लोगों को हटा दिया।'

## वैकल्पिक मार्ग से जाने की अपील..

जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बताया कि पुल के नवगछिया और भागलपुर दोनों ओर यातायात रोक दिया गया है। उन्होंने इन दोनों स्थानों के बीच यात्रा करने वाले लोगों से मुंगेर के रास्ते वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील की।

घटना के संभावित कारणों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'एक विशेषज्ञ इंजीनियरिंग समिति का गठन किया गया है, जो इस घटना की जांच करेगी और ध्वस्त होने के कारणों का पता लगाएगी। विशेषज्ञ टीम इस घटना की गहन जांच करेगी।'

## विपक्ष ने साधा निशाना..

घटना को लेकर पप्पू यादव ने 'एक्स' पर राज्य के पथ निर्माण विभाग और सेतु निर्माण से जुड़ी एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से रखरखाव में लापरवाही बरती जा रही थी। वहीं राजद ने घटना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। पार्टी ने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों द्वारा सेतु के कमजोर पाए को लेकर बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद प्रशासन ने समय रहते आवश्यक मरम्मत कार्य नहीं कराया, जिसके कारण यह घटना हुई।

# बिहार में आसमानी बिजली, आंधी-तूफान और तेज बारिश का कहर! अलग-अलग घटनाओं में गई 12 लोगों की जान

डेस्क जगप्रेरणा।

***बिहार में आसमानी बिजली, आंधी-तूफान और तेज बारिश का प्रकोप देखने को मिला है। यहां हुई अलग-अलग घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई है। बता दें कि बिहार में में वज्रपात,***



आंधी तूफान और तेज बारिश से पूर्वी चंपारण में 5, गयाजी में 4 और औरंगाबाद में 3 लोगों की जान चली गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसको लेकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## आसमानी बिजली से 10 घरों में लगी आग..

जान लें कि मौसम विभाग की तरफ से आज (सोमवार को) आंधी-तूफान और आकाशीय बिजली के साथ बारिश का रेड अलर्ट में पूर्वी चंपारण जिला में जारी किया गया था। यहां दोपहर बाद तेज आंधी-तूफान और आकाशीय गर्जना के साथ बारिश हुई और इसकी चपेट में आने से करीब 3 घंटे में 6 लोगों की जान चली गई। इस दौरान, कई लोग घायल भी हुए और आकाशीय बिजली से करीब 10 घरों में आग लग गई।

## आंधी-तूफान में पेड़ गिरने से गई 3 जानें..

यहां मुफस्सिल थाना के रूपडीह गांव के पास तूफान के चपेट में बड़ा पेड़ आ गया और उसके टेंपो पर गिरने से उसमें सवार 3 लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। वहीं, सुगौली थाना क्षेत्र के छपराबहास व कैथवलिया गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 2 लोगों की मौत हो गई और 1 घायल हो गया।

## मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान..

गौरतलब है कि सीएम सम्राट चौधरी ने मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रूपये आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर आसमानी बिजली से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का पालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

घटना को लेकर मोतिहारी जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने आपदा विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि आपदा जैसी घटना में मृतकों के परिवार को सहायता राशि 4 लाख रुपये जल्द से जल्द दें।

# सिरमौर में कार खाई में गिरने से मां और बेटी समेत चार लोगों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में सोमवार को एक वाहन अनियंत्रित होकर 400 फुट गहरी खाई में गिर गया जिससे एक मां और उसकी बेटी सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।***



यह घटना संगराह-गट्टाधार सड़क पर पियुलीलानी गांव के पास हुई। कार चालक ने अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह 400 फुट गहरी खाई में जा गिरी। उन्होंने कहा कि पांच लोगों को ले जा रहा यह वाहन थीर धार से गट्टाधार जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ, वाहन में सवार सभी लोग सिरमौर जिले के संगराह उपमंडल के निवासी थे।

मृतकों की पहचान सरकारी स्कूल की शिक्षिका अमरा देवी (52), उनकी बेटी आराध्या (14), प्रियंका और सज्जन सिंह (62) के रूप में हुई है, जबकि घायल अजीत कुमार (33) का संगराह अस्पताल में इलाज चल रहा है।

स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव अभियान शुरू किया तथा घायल लोगों और मृतकों के शवों को खाई से बाहर निकाला। संगराह के एसडीएम सुनील कायथ ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।


सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग

सबसे कम कीमत पर

समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..

जगप्रेरणा ग्राफिक्स

गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433





जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

मंगलवार 05 मई 2026



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
राकेश रोकडे सालेकसा
मो. 9049200353




## सामूहिक विवाह समारोह समय की जरूरत - सांसद डॉ. नामदेवराव किरसान

### आमगांव में कुणबी समाज का सामूहिक विवाह समारोह उत्साह के साथ संपन्न, आठ जोड़ों ने रचाई शादी..

### हजारों की संख्या में समाजबंधु व नागरिक रहे उपस्थित..



**जगप्रेरणा आमगांव।**
गोंदिया जिले के आमगांव में कुणबी समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह बड़े उत्साह और पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह में आठ जोड़ों ने विवाह बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। गडचिरोली-चिमूर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. नामदेवराव किरसान ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह आज के समय की जरूरत है। वे आमगांव स्थित संत तुकाराम महाराज कुणबी समाज भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के मार्गदर्शक काशीराम शिवणकर ने की। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में विधायक संजय पुराम, पूर्व विधायक सहषराम कोरोटे, केशवराव मानकर, भेरसिंग नागपुरे, जिला परिषद सदस्य वंदनाताई काले, छबुताई उके, पंचायत समिति सदस्य शीलाताई ब्राह्मणकर, कुणबी सेवा समिति के अध्यक्ष विजय शिवणकर, संजय बहेकार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस दौरान सांसद किरसान ने कहा कि ऐसे सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं और विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्च पर भी नियंत्रण रखते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने का कार्य करते हैं। समारोह में हजारों की संख्या में समाजबंधु, महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे। पूरा कार्यक्रम पारंपरिक रीति-रिवाजों और धार्मिक विधियों के साथ संपन्न हुआ।

उपस्थित लोगों ने भी कहा कि सामूहिक विवाह से नवदंपतियों को समाज का आशीर्वाद मिलता हैं। प्रास्ताविक संजय बहेकार यांनी केले।

इस सामूहिक विवाह सम्मेलन मे राजेश शिवणकर, टिकाराम मेंढे, लक्ष्मण चुटे, राजकुमार फुंडे, धनलाल मेंढे, बाबुलाल दोनोंडे, जगमोहन पाथोडे, वनिता फुंडे, संगीता दोनोंडे, काशीराम हुकरे, देवराज चुटे, कमलबापू बहेकार, संपत सोनी, अरविंद फुंडे, रवींद्र शिवणकर, तुकड्यादादा खरकाटे, धणिराम मटाले, श्याम येटरे, वनिता फुंडे, अल्का पाथोडे, मंगला हत्तीमारे, ज्योती खोटेले, शिला ब्राह्मणकर, अरुणा बहेकार, सत्यफुला बढईकर, योगिता कठाणे, चित्रा येटरे, संध्या ब्राह्मणकर.कार्यकर्तेः पवन गायधणे, राजेंद्र मेंढे, किशोर महारवाडे, विकास महारवाडे, गणेश हुकरे, तिरथ येटरे, दिलीप मेंढे, राकेश ब्राह्मणकर, श्रावण शिवणकर, डॉ. जगदीश चुटे, ऍड. खेमराज कठाणे, भूमेश्वर पाथोडे, देवकांत बहेकार, रोशन बोहरे, रामचंद्र बहेकार, राधाकिसन चुटे, मुकेश मेंढे, सविता शिवणकर, लीला कठाणे, संजय हत्तीमारे, मनीष बहेकार, योगेश शिवणकर, अभय ढेंगे, भरत चुटे, देवराज बहेकार, मुरली भुते, राजीव फुंडे.राहुल चुटे इन्होने अथक परिश्रम किया।

समारोप कार्यक्रम के संचालन रविंद्र येटरे व कमलेस चुटे इन्होने किया, और आभार प्रदर्शन नरेंद्र बहेकार तथा नितेश दोनोंडे इन्होने माना।

## 93 प्रतिशत अंक पाकर याशिका राजेश गुनेरिया ने चमकाया तिरोड़ा का नाम..



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**
नवेझरी स्थित जीईएस कनिष्ठ महाविद्यालय की छात्रा तथा तिरोड़ा नगर परिषद के उपाध्यक्ष राजेश गुनेरिया और तिरोड़ा नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष राखी गुनेरिया की बेटी याशिका गुनेरिया ने हाल ही में आए महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड की कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणामों में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है।

याशिका को अंग्रेजी में 94, मराठी 86, गणित 95, फिजिक्स 93, केमिस्ट्री 94 और बायोलॉजी में 95 इस प्रकार कुल 600 में से 557 अंक प्राप्त हुए है।

याशिका बारहवीं की इस सफलता के बाद डॉक्टर बनने का निश्चय कर चुकी है। याशिका की इस सफलता पर संपूर्ण तिरोड़ा शहर के नागरिकों की ओर से अभिनंदन किया जा रहा है।

## सिलिंग पंखे को रस्सी बांधकर लगाई फांसी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के ग्रामिण पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/5/2026 के रात फुलचुर टोला मे राजेन्द्र पोचन राऊत उम्र 70 वर्ष निवासी फुलचूर टोला ने अपने घर मे सिलिंग पंखे को रस्सी बांधकर फांसी लगाई है। फर्यादी जितेन्द्र राजेन्द्र राऊत उम्र 22 वर्ष निवासी फुलचुर टोला के बयान पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अकस्मात मौत क्रमांक 11/2026 धारा 194 भानासुस के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा कोरे 1507 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### गाडी खडी करने की बात पर ड्रायवर ने ड्रायव्हर की पिटाई मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/5/2026 के 2 बजे के दरम्यान देवरी चेक पोस्ट पर फर्यादी जितेन्द्र देशराज यादव उम्र 23 साल निवासी छतरपुर ने अपना ट्रक क्रमांक एम एच 04/ एल ई 2586 रायपुर जाते समय काटा करने के लिये खडा किया जहा आरोपी ट्रक चालक क्रमांक डब्लू बी 17/5939 ने अपने ट्रक से निचे उतरकर फर्यादी से कहा तुने अपना ट्रक बिच मे क्यो खडा किया बोलकर गालीगलौच की और लोहे के काते से हात पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे देवरी मे अपराध क्रमांक 79/2026 धारा 118,1, 352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी राठोड पोस्टे देवरी कर रहे है।

### बीचबचाव करने गये ससुर को जवाई ने की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले पुलिस स्टेशन आमगाव मे मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/5/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान बनिया मोहल्ला आमगाव मे फर्यादी संजय ओमकारलाल पटले उम्र 53 वर्ष अपनी टाईल्स के दुकान मे बैठे थे। उन्हें बेटी का फोन आया की पती झगडा कर रहे है, वो जवाई को उनके घर समझाने गये की झगडा क्यो कर रहे हो तो आरोपी जवाई ने कहा मेरे घर क्यों आता है बोलकर गालीगलौच की और हाथ मे पहने चांदी के कडे सर पर मारकर जख्मी किया और जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 319/2026 धारा 118,1, 352, 351, 3, बी एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा बर्वे 562 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### अपार्टमेंट की पार्किंग से बाईक चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/4/2026 की रात मे फर्यादी ने अपनी होंडा यूनीकॉन मोटर सायकल क्रमांक एम एच 35 एई 2841 किमत 10 हजार की रखी थी। घटना के दिन रात मे किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 271/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सफौ राजेश भुरे 606 पोस्टे रामनगर कर रहे है।

### जहर पीने से तबीयत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के चिचगड पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 1/5/2026 के 8 बजे के दरम्यान मगरडोह मे मोरेश्वर चैतु गावळ उम्र 25 वर्ष निवासी मगरडोह ने जहर पिया उसकी तबीयत खराब होने से उसे उपचार के लिये प्राथमिक उपचार केन्द्र गररटोला ले गये जहा डाक्टर ने जॉच कर उसे ॲम्बुलेंस से चिचगड ले गये जहा अस्पताल मे भर्ती करते समय उसकी मौत हो गई। डाक्टर के मेमो और फर्यादी के बयान पर पोस्टे चिचगड मे अकस्मात मौत क्रमांक 10/2026 धारा 194 भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा मसराम 859 पोस्टे चिचगड कर रहे है।

### केटीएस परीसर से मोटर सायकल चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/5/2026 के सुबह 9 बजे के दरम्यान मेडिकल कॉलेज केटीएस परिसर मे फर्यादी पवन ओंकारलाल धाकड उम्र 26 वर्ष निवासी मेडिकल हॉस्टेल गोंदिया ने अपनी मोटरसायकल क्रमांक आ जे 09 एन एस 3423 कि मत 80 हजार की रखी थी। घटना समय के दरम्यान अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 362/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा मलगाम 57 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### चाकु की नोक पर मंगलसूत्र लेकर फरार हो रहे चोर को रंगे हाथ पकड़ा मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/5/2026 के 1 बजे के दरम्यान फर्यादी दुर्गाप्रसाद ठाकरे उम्र 47 वर्ष निवासी साईपेठ कुडवा के किराणा दुकान का ताला तोड़कर तिनो आरोपी ने मोबाईल चुराया, पडोस मे रहनेवाले सुनिल ठाकरे के खिडकी का काच तोडकर फोरविलर और टु विलर की चाबी चुराई और घर की महिला रोहिणी ठाकरे को चाकु का डर दिखाकर 6 ग्राम मंगलसुत्र किमत 95 हजार का लेकर भाग रहे थे। फर्यादी ने रोकने की कोशीश की तो चाकु से खंदे पर वार किया जब लोक सामने और चोर को पकडा तो उसके पास से मंगलसूत्र और उपयोग मे लायी कार कुल 3 लाख 58 हजार रुपये का माल बरामद किया गया फर्यादी की शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर चोरो के खिलाफ पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 276/2026 धारा 309,6,331,4,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोऊपनी अक्षय वळसे पोस्टे रामनगर कर रहे है।

### तु मेरे बेटे को क्यो धमकी देता है बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**
गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/5/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान ताडगाव मे फर्यादी प्रभु वासुदेव पंधरे उम्र 43 वर्ष निवासी ताडगाव अपने गाव मे खर्रा लेने पानदुकान गये थे। जहा आरोपी ने आकर कहा तुने मेरे बेटे को मारने को धमकी क्यो दिया बोलकर लकडी से मारपीट की उसी दिन कुछ देर बाद तिनो आरोपी ने आकर तु मेरे बेटे को क्यो धमकी देता है बोलकर फिर लाठी से मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर तिनो आरोपी के खिलाफ पोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 210/2026 धारा 118,1,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा पुण्यप्रेडीवार 227 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

## जनता बैंक शाखा से विकास का नया अध्याय- विधायक पुराम..

### आमगांव शाखा के नए भवन का उद्घाटन..



**जगप्रेरणा आमगांव।**
ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के आम लोगों को कुशल वित्तीय सेवाएं प्रदान करने और स्थानीय विकास को बढ़ावा देने में सहकारी क्षेत्र की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। यह नया ढांचा सिर्फ एक इमारत नहीं है, यह विश्वास, प्रगति और वित्तीय सशक्तीकरण का प्रतीक है। किसानों, व्यापारियों, युवाओं और महिला स्वयं सहायता समूहों को और अधिक ताकत देकर, इस शाखा के माध्यम से विकास का एक नया अध्याय लिखा जाएगा।

विधायक संजय पुराम ने कहा वे 2 मई को यहां जनता सहकारी बैंक के नवनिर्माण भवन के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे बैंक के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन पूर्व राज्य मंत्री और विधायक डॉ. परिणय फुके ने किया। बैंक के अध्यक्ष दिनेश दादरीवाल अध्यक्षता में थे मंच पर जिप अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, पूर्व जिप अध्यक्ष विजय शिवंणकर,भाजप जिलाध्यक्ष सीता रहांगडाले, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट यशुलाल उपराड़े, जनता बैंक आमगांव के पालक संचालक रितेश (बंटी) अग्रवाल और सभी संचालक मौजूद थे। इस मौके पर डॉ. फुके ने कहा कि जनता सहकारी बैंक सही लोगों के हाथों में है और बैंक लगातार तरक्की कर रहा है। प्रास्ताविक मे दिनेश दादरीवाल ने अपनी राय दी कि जनता बैंक की 12 ब्रांच हैं और यह लोगों की सेवा के लिए तैयार है कार्यक्रम को सुशील सिंघानिया ने सुत्रसंचलन किया और आभार राजकुमार तिवारी ने किया।

## एचएससी बोर्ड परीक्षा में कवराबांध की छात्राओं ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की..



**जगप्रेरणा कवराबांध।**
*एचएससी बोर्ड परीक्षा फरवरी 2026 के घोषित परिणाम में जी.के. विज्ञान कनिष्ठ महाविद्यालय, कवराबांध की छात्राओं ने उत्कृष्ट* सफलता प्राप्त की है। महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। प्रावीण्य प्राप्त छात्राओं में कु. मुस्कान गराडे ने 79.50 प्रति. अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

कु. खुशी माहुरे ने 79.17 प्रति. अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, एवं कु. निधि शहारे ने 77.33 प्रति.अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता पर महाविद्यालय तथा संस्था की ओर से छात्राओं का अभिनंदन किया गया। संस्था के अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम जी बनोठे, सचिव श्री गुलचंद, दसारिया, श्री सुधीर दसारिया, श्री सुनील दसारिया, प्राचार्य पूजा रावत, प्रा.प्रतिमा यादव, प्रा.आशुतोष नागपुरे श्री रितेश बनोठे तथा श्री राजीव बल्लारे ने छात्राओं को शुभेच्छाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकवृंद के मार्गदर्शन तथा पालकों के सहयोग को दिया है।

## प्रा. नरेंद्र पोतदार एवं सौ. नीता पोतदार 'महाराष्ट्र सुवर्णरत्न पुरस्कार' से सम्मानित



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**
महाराष्ट्र सुवर्णकार संस्था, नागपुर एवं सुवर्णालंकार मासिका के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को तृतीय सोनार महोत्सव का आयोजन कविवर्य सुरेश भट हॉल, नागपुर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र सुवर्णकार संस्था, नागपुर के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कावळे ने की, जबकि उद्घाटन गृह राज्य मंत्री पंकज भोयर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर पिछले 19 वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय तिरोड़ा निवासी दंपति प्रा. नरेंद्र पोतदार एवं सौ. नीता पोतदार (संयोजिका, स्वर्ण सखी मंच, तिरोड़ा) को 'महाराष्ट्र सुवर्णरत्न पुरस्कार' प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में नागपुर महानगरपालिका की महापौर सौ.नीता ठाकरे, सुवर्णकार मासिका के संपादक प्रकाश माथने, ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी ट्रेड फेडरेशन, मुंबई के अध्यक्ष राजेश रोकडे, महाराष्ट्र सुवर्णकार संस्था, नागपुर के अध्यक्ष विलास बांगरे, महासचिव अनिल मालोकार, बिहार के सांसद राजेश वर्मा, नागपुर के पूर्व विधायक सुधाकर कोहळे तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

समारोह में तिरोड़ा नगर परिषद की नगरसेविका सौ. मनीषा येरपूडे एवं जिला अध्यक्ष डॉ. प्रदीप रोकडे का भी शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र भर से सोनार समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे। इस सम्मान के लिए पोतदार दंपति को स्वर्ण सखी मंच, तिरोड़ा, सुवर्णकार समाज, तिरोड़ा तथा जिला गोंदिया की ओर से हार्दिक बधाई दी जा रही है।

## किरसान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 'ग्रेजुएशन डे' मनाया गया..







**जगप्रेरणा गोरेगांव।**
सीबीएससी किरसान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, गणखैरा में 30 अप्रैल 2026 को ग्रेजुएशन डे मनाया गया ताकि उन स्टूडेंट्स को बढ़ावा दिया जा सके जिन्होंने अपनी प्री-प्राइमरी की पढ़ाई पूरी कर ली है और अगली क्लास में जा रहे हैं। प्री-प्राइमरी स्कूल के सीनियर KG स्टूडेंट्स की 'ग्रेजुएशन सेरेमनी' बड़े जोश के साथ मनाई गई।

सीनियर KG ग्रेजुएशन सेरेमनी इंस्टीट्यूशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एड दुष्यंत किरसान, स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर सिमा किरसान और प्रिंसिपल अनिल कुमार राव, नेहा चौधरी की गाइडेंस में हुई।

इस प्रोग्राम के तहत, 'किंडर वर्ल्ड' नाम से एक नया प्री-प्राइमरी स्कूल शुरू किया गया। इस प्रोग्राम का उद्घाटन स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर सिमा किरसान ने किया। इस प्रोग्राम में सभी पेरेंट्स, स्टूडेंट्स, टीचर्स और नॉन-टीचिंग स्टाफ मौजूद थे। ग्रेजुएशन डे स्कूली बच्चों के लिए एक बहुत ही इंपॉर्टेंट और एक्साइटिंग स्टेज होता है। जहां उन्हें डिग्री, सर्टिफिकेट, रिपोर्ट कार्ड दिए जाते हैं। इस प्रोग्राम के दौरान, बच्चों ने अलविदा कहते हुए अपनी भावनाएं ज़ाहिर कीं। प्रोग्राम का मकसद स्टूडेंट्स को उनकी आगे की पढ़ाई के लिए हिम्मत देना था। सभी पेरेंट्स ने स्टूडेंट्स की तारीफ़की। प्रोग्राम की कामयाबी के लिए स्कूल प्रिंसिपल, टीचर्स और नॉन-टीचिंग स्टाफ ने कड़ी मेहनत और प्लानिंग की थी। प्रोग्राम को माधुरी रहांगडाले ने कोऑर्डिनेट किया।

## एकलव्य रेसिडेंशियल स्कूल बोरगांव/ बाजार में 6 वीं और 11वीं क्लास के स्टूडेंट्स का 'एंट्री डे' धूमधाम से मनाया गया..

इस मौके पर स्टूडेंट्स का स्वागत अलग-अलग चीज़ें देकर किया गया।

**जगप्रेरणा देवरी।**
राज्य के स्कूल और कॉलेजों का नया एकेडमिक साल धूमधाम से शुरू हो गया है, और आज बुधवार (तारीख 29 अप्रैल) को एकलव्य रेसिडेंशियल स्कूल बोरगांव/बाजार में 6 वीं और 11वीं क्लास के स्टूडेंट्स के लिए खास 'एंट्री डे' सेरेमनी रखी गई। पढ़ाई के नए दौर में कदम रख रहे स्टूडेंट्स का प्रिंसिपल, टीचर्स और मैनेजमेंट कमिटी ने धूमधाम से स्वागत किया। क्लास 5 पास करके सेकेंडरी एजुकेशन की ओर कदम बढ़ाने वाले 6 वीं क्लास के स्टूडेंट्स का स्कूल के मेन गेट पर तोरण लगाकर और रंगोली बनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रिसीपल ने कई स्टूडेंट्स को फूल और चॉकलेट देकर सम्मानित किया, जिससे स्टूडेंट्स के चेहरों पर खुशी का माहौल दिखा। कॉलेजों में 11वीं के स्टूडेंट्स के लिए एडमिशन का जश्न भी मनाया गया, जो अपनी हायर सेकेंडरी पढ़ाई शुरू कर रहे हैं। खासकर इसलिए क्योंकि इस साल से राज्य में 11वीं के लिए एडमिशन प्रोसेस मेरिट के आधार पर हो रहा है, इसलिए स्टूडेंट्स में काफी उत्साह देखा गया। कॉलेजों में पहले दिन नए स्टूडेंट्स का स्वागत करने के लिए, असिस्टेंट प्रोजेक्ट ऑफिसर कपिल शर्मा, बोरगांव/बाजार के कन्या आश्रम स्कूल के प्रिंसिपल गोवर्धन खेडकर, बोरगांव/बाजार गांव के सीनियर सिटीजन (रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर) उमाशंकर शर्मा की खास गाइडेंस में ये एजुकेशनल सेशन ऑर्गनाइज़ किए गए, जिसमें स्टूडेंट्स को नए कोर्स और करियर के मौकों के बारे में बताया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पेरेंट्स मौजूद थे। प्रिंसिपल गणेश कुमार तोडकर ने कहा, 'एडमिशन का मुख्य मकसद सिर्फ स्वागत करना नहीं है, बल्कि बच्चों को पढ़ाई के लिए मोटिवेट करना और एक सपोर्टिव माहौल बनाना भी है।' स्कूल के पहले दिन स्टूडेंट्स को फ्री टेक्स्टबुक्स भी बांटी गईं, जिससे उनकी पढ़ाई-लिखाई के सफ़र की अच्छी शुरुआत हुई। प्रिंसिपल गणेश कुमार तोडकर ने सभी मेहमानों और पेरेंट्स को धन्यवाद दिया और स्टूडेंट्स की हिम्मत बढ़ाई।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की सफलता पर गोंदिया में भाजपा ने मनाई खुशी, बांटी झालमुड़ी..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***देश के 5 राज्यों में हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने आखिरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को करारी शिकस्त देते हुए पूर्ण बहुमत के साथ पश्चिम बंगाल में भी अपनी सरकार बनाने लायक जीत दर्ज कर ली। इस खुशी में गोंदिया शहर के जयस्तंभ***




चौक पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सीता राहंगडाले, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल की प्रमुख उपस्थिति में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए खुशी मनाई। गोंदिया के जयस्तंभ चौक पर शाम 5 बजे एकत्रित होकर भाजपा नेताओं ने पश्चिम बंगाल में मिली जीत पर सर्वाधिक हर्ष व्यक्त किया। मोदी है तो मुमकिन है, अब पश्चिम बंगाल भी हमारा है। भारत मां की आरती, भारतीय जनता पार्टी जैसे नारे लगाकर खुशी मनाई। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने जय स्तंभ चौक पर राहगीरों को बंगाल चुनाव में सर्वाधिक चर्चा में रही झालमुड़ी के पैकेट लाकर लोगों को झालमुड़ी बांटी और खिलाई। इसी के साथ पटाखे भी फोड़े गए।

## बोले रोहित अग्रवाल..

पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि आखिरकार पश्चिम बंगाल के विकास का अवरुद्ध मार्ग अब खुल ही गया। रोहित अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तानाशाही की सरकार चल रही थी। वहां पर केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदेश की जनता को नहीं दिया जा रहा था। सबसे ज्यादा महिला अत्याचार हो रहे थे। जिस तरह की परिस्थितियां थी, उसके कारण हिन्दु विचारधारा के लोग दहशत में जी रहे थे, लेकिन आखिरकार निरंतर भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और संघर्ष के बाद पश्चिम बंगाल को तृणमूल के आतंक से मुक्ति मिल गई है, अब पश्चिम बंगाल विकास की नई राह पर अग्रसित होगा। यह जीत पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत के एक एक नागरिक और निष्ठावान भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत है।

# खाद की कालाबाजारी और नकली बीज बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई करें.. - विधायक विनोद अग्रवाल

## खरीफ सीजन पूर्व समीक्षा बैठक संपन्न



जगप्रेरणा गोंदिया।

***ग्राम स्तर पर प्रगतिशील किसानों को तैयार करने पर जोर देते हुए तथा खाद की कालाबाजारी और नकली बीज विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश विधायक विनोद अग्रवाल ने कृषि विभाग, गोंदिया द्वारा आयोजित खरीफ सीजन पूर्व समीक्षा बैठक में दिये।***

यह बैठक उपविभागीय अधिकारी, गोंदिया के कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विधायक विनोद अग्रवाल ने की। समीक्षा के दौरान विधायक विनोद अग्रवाल ने तालुका में बागवानी क्षेत्र बढ़ाने पर विशेष जोर देने की बात कही।

उन्होंने आम, अमरूद, सीताफल, चीकू तथा तिलहन फसलों की खेती को बढ़ावा देने के प्रयास किये जाने चाहिये, साथ ही कृषि विभाग की सभी योजनाएं किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने को लेकर भी उन्होंने कृषि विभाग अधिकारियों को निर्देश दिये। विधायक विनोद अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि सहायक कृषि अधिकारी अपने कार्यों की दैनिक डायरी तैयार करें और उसका रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करें।

बैठक में जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी श्री निलेश कानवडे ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। तालुका कृषि अधिकारी कु. नेहा आढाव ने प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए खरीफ सीजन की योजना और योजनाओं का विवरण रखा। मंडल कृषि अधिकारी रेशीम रामटेके ने मृदा एवं जल संरक्षण योजनाओं की जानकारी दी, जबकि सुमित नंदनवार ने पोकरा योजना के बारे में बताया। इसके साथ ही तालुका तकनीकी प्रबंधक (आत्मा) सुनील खडसे ने प्राकृतिक खेती के बारे में मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम का संचालन उप कृषि अधिकारी टी. एस. तुरकर और जे. टी. मेंढे ने किया। इस बैठक में तालुका के प्रगतिशील किसान और कृषि विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## यह रहे उपस्थित..

इस अवसर पर जिला परिषद गोंदिया की कृषि एवं पशुसंवर्धन सभापति श्रीमती दीपा चंद्रिकापुरे, पंचायत समिति गोंदिया के सभापति मुनेश रहांगडाले, उपसभापति शिवलाल जामरे, पूर्व उपसभापति निरज उपवंशी, जिला परिषद सदस्य श्रीमती वैशाली पंधरे एवं कु. आनंदा वाढीवे, पंचायत समिति सदस्य श्रीमती शैलेजा सोनवाने सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इसके अलावा जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी निलेश कानवडे, कृषि उप संचालक एवं उपविभागीय कृषि अधिकारी ठोकळे, कृषि विज्ञान केंद्र हिवरा के उद्यान विशेषज्ञ विजय कोरे, विषय विशेषज्ञ मनोज भोमटे तथा तालुका कृषि अधिकारी कु. नेहा आढाव सहित कृषि विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# फिर एक बार पांच राज्यों के चुनाव परिणामों में छैलबिहारी अग्रवाल की सच साबित हुई भविष्यवाणी..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***देश के पांच राज्यों में पश्चिम बंगाल, आसाम, पुडुचेरी, केरल और तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद आज 4 मई 2026 को चुनाव की मतगणना संपन्न हो गई, और परिणाम सामने आ ही गए।, और एक बार फिर इन चुनावों में भी गोंदिया के वरिष्ठ प्रबुद्ध राजनीतिक विश्लेषक छैलबिहारी अग्रवाल की भविष्यवाणी***

सच साबित हुई है। गौरतलब है कि इसके पहले बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों के तथा केन्द्र में संपन्न चुनावों में राजनीतिक विश्लेषक के रुप में छैलबिहारी अग्रवालल ने भविष्यवाणी की थी। विशेष बात यह है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना एनसीपी गठबंधन की सरकार बनने की जब दूर दूर तक कहीं कोई चर्चा या संभावना भी नहीं हो सकती थी, तब उससे पहले की छैलबिहारी अग्रवाल ने राजनीतिक भविष्यवाणी करते हुए कांग्रेस शिवसेना दोनों परस्पर विरोधी पार्टीयों के साथ आने की भविष्यवाणी कर दी थी। इसी प्रकार शिवसेना में दो फाड़ और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में भी दो फाड़ होकर भाजपा शिवसेना राष्ट्रवादी कांग्रेस की सरकार का दावा छैलबिहारी अग्रवाल ने किया था, वह भी सटिक बैठा था। इसी प्रकार अब एक बार फिर 5 राज्यों के चुनाव जो सामने आए हैं, उस पर किये गए छैलबिहारी अग्रवाल के दावे और भविष्यवाणी अक्षरशः साबित हुई है।



## यह किया था छैलबिहारी अग्रवाल ने दावा..

अपनी राजनीतिक भविष्यवाणी में छैलबिहारी अग्रवाल ने दावा किया था कि पश्चिम बंगाल में अबकी बार निश्चित ही भाजपा की ही सरकार बनेगी, इसी प्रकार आसाम में भी भाजपा की सरकार, जबकि केरल में कांग्रेस और तमिलनाडु और पुडुचेरी के चुनाव में भी परिणाम की जो संभावना छैलबिहारी अग्रवाल ने जताई थी, वह सहीं साबित हुई है। एक राजनीतिक विश्लेषक के रुप में छैलबिहारी अग्रवाल की लगातार भविष्यवाणीयों के सहीं साबित होने पर उनके जानने वालों की ओर से उन्हें बधाईयों का तांता लगा हुआ है।

# गोंदिया पुलिस की एक और बड़ी सफलता, दो दुपहिया वाहन के साथ किया शातिर चोर को गिरफ्तार..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मोटर साइकिल चोरी मामले में दर्ज अपराध की जांच पड़ताल करते हुए गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की दो मोटर साइकिलें बरामद की हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 1.10 लाख रुपये आंकी गई है।***



प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पवन ओमकार लाल धाकड़ (निवासीः गंगाबाई अस्पताल हॉस्टेल) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 1 मई 2026 की रात के.टी.एस. अस्पताल परिसर से उनकी नीले रंग की बजाज जुपिटर (आरजे 09/एनएस-3423) चोरी हो गई थी। इस शिकायत पर गोंदिया शहर थाने में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी किशोर पर्वते के नेतृत्व में डी.बी. (डिटेक्शन ब्रांच) की टीम जब गश्त पर थी, तब उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम आसोली निवासी सुरेश नेवारे इस चोरी में शामिल है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लिया और कड़ाई से पूछताछ की।

## दो वारदातों का हुआ चोर से खुलासा..

आरोपी ने न केवल पवन धाकड़ की जुपिटर चोरी करने की बात कबूली, बल्कि गंगाझरी थाना क्षेत्र से भी एक हीरो एच.एफ डीलक्स बाइक चोरी करने का गुनाह स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी से बजाज वाहन जुपिटर (आरजे 09/एनएस 3423): कीमत रुपये 80,000 तथा हीरो एच.एफ डीलक्स (एमएच 35/0361): कीमत रुपये 30,000 इस प्रकार कुल बरामदगीः रुपये 1,10,000 की कि है। कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे और एसडीपीओ साहिल झरकर के मार्गदर्शन में टीम के सदस्य निरीक्षक किशोर पर्वते के साथ डी.बी. टीम के कवलपालसिंह भाटिया, सतीश शेंडे, सुदेश टेंभरे, निशिकांत लोंदासे, दीपक राहांगडाले, सुभाष सोनवाने, अशोक राहांगडाले, दिनेश बिसेन की सराहनीय भूमिका रही।

SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com